इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के**



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -61 | राजनांदगांव, मंगलवार 16 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# पीएम-जनमन का उद्देश्य हर आदिवासी तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना : प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ऐसे लोगों तक पहुंच रही है जिनकी कभी परवाह नहीं की गयी और इसी कड़ी के तहत 'पीएम-जनमन' महाअभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक सदस्य को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई - जी) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी की।

लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पक्के घरों के निर्माण के लिए उनके बैंक खातों में धनराशि के हस्तांतरण का उल्लेख करते हुए कहा, 'एक तरफ, अयोध्या में दिवाली मनाई जा रही है, वहीं अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के एक लाख लोग भी दिवाली मना रहे हैं।' श्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में गरीबों के लिए चार करोड़ स्थायी घरों के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा, पीएम-जनमन महाअभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक



सदस्य को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करना है। दो महीने के भीतर, पीएम-जनमन मेगा अभियान ने ऐसे परिणाम हासिल किए हैं जिनका अन्य लोग केवल सपना देख सकते हैं।÷ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम-जनमन के उद्घाटन के दौरान की चुनौतियों को याद करते हुए, प्रधान मंत्री ने देश के दूर-दराज, सुदूर और सीमावर्ती क्षेत्रों, जो आदिवासी समुदायों का घर है, तक लाभ पहुंचाने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने दूषित पानी, बिजली, गैस कनेक्शन की पहुंच न होने और ऐसे क्षेत्रों में सड़कों और कनेक्टिविटी की कमी की चुनौतियों का सामना किया। जनमन योजना के नाम पर प्रधान मंत्री ने कहा, 'जन' का अर्थ है लोग और 'मन' का अर्थ है उनके 'मन की बात' या उनकी आंतरिक आवाज'। उन्होंने दोहराया कि आदिवासी समुदायों की सभी इच्छाएं अब पूरी होंगी क्योंकि सरकार ने पीएम-जनमन मेगा अभियान पर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है। श्री मोदी ने कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब समाज में कोई भी पीछे न छूटे और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 190 जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी समुदाय रहते हैं। सरकार ने दो महीने के भीतर 80,000 से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित करने का बड़ा काम किया है। इसी तरह सरकार ने अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के लगभग 30,000 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से जोड़ा है, और 40,000 लाभार्थियों के बैंक खाते खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि 30,000 से अधिक वंचित लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं, और लगभग 11,000 लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत भूमि के पट्टे दिए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को पक्के घर उपलब्ध कराने के पैसा सीधे जनजातीय लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें पक्के घर के लिए 2.5 लाख रुपये मिलेंगे जो बिजली, गैस कनेक्शन, पाइप जल और शौचालय के साथ सम्मानजनक जीवन का स्रोत होगा। उन्होंने कहा कि ये एक लाख लाभार्थी सिर्फ शुरुआत हैं और सरकार प्रत्येक योग्य उम्मीदवार तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को आश्वासन दिया और कहा कि वे इन लाभों के लिए किसी को भी रिश्वत देने से सख्ती से दूर रहें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-जनमन महाअभियान के तहत सरकार ने उन सभी नियमों को बदल दिया है जो बाधा पैदा करते थे और पीएम ग्राम सड़क योजना का उदाहरण दिया, जिसने पिछड़ी जनजातियों के गांवों तक सड़कों को आसानी से पहुंचा दिया, मोबाइल मेडिकल इकाइयों से संबंधित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे, वहां तो नहीं बना...संजय राउत ने जगह को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

मुंबई। अयोध्या में एक तरफ जहां राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर चल रही है तो वहीं शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने



राम मंदिर के निर्माण वाली जगह को लेकर बड़ा बयान दिया है। राउत ने कहा कि मंदिर उसी स्थान पर नहीं बनाया गया है। मंदिर जिस जगह पर बनाने की बात हो रही थी, उस स्थान से चार किलोमीटर दूर बनाया जा रहा है। राउत ने इस सवाल पर बीजेपी नहीं बोलेगी।

राउत ने कहा कि बीजेपी कहती थी मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन मंदिर तो वहां नहीं बना। विवादित जगह तो आज भी वैसी ही है। राउत ने इसके बाद अयोध्या जाने के सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी। राउत ने कहा कि क्या बीजेपी ने पार्टी ऑफिस बनवाया है अयोध्या में, कि कौन, जाएगा और कौन नहीं जाएगा। राउत ने कहा कि हम जरूर जाएंगे।

### राउत बोले, राम सबके हैं

संजय राउत ने कहा कि राम सबके हैं। जिसको निमंत्रण मिला है उनको और जिनको नहीं मिला उन सभी को अयोध्या जाना चाहिए। राउत ने कहा कि बीजेपी पूछती है शिवसेना का क्या योगदान है? राम मंदिर के निर्माण में शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे का सबसे बड़ा योगदान है। राउत ने कहा कि वह अयोध्या भी जाएंगे और आगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल होंगे। जब उनसे पूछा गया कि कहां पर शामिल होंगे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मकर संक्रांति पर सीएम साय ने उड़ाई पतंग, मंत्री बृजमोहन ने पकड़ी चकरी, पुरखौती मुक्तांगन पतंग उत्सव में हुए शामिल

रायपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित पतंग उत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर सीएम साय ने पतंग उड़ाई और अपने पुराने दिनों को याद किया। वहीं मंत्री बृजमोहन ने चकरी पकड़ी। थोड़ी देर बाद मंत्री राम विचार नेता ने चकरी पकड़ ली। सीएम साय के साथ वहां मौजूद मंत्रियों ने पतंगबाजी की भरपूर आनंद लिया।



इस मौके पर सीएम साय ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति, उगादी, पोंगल, गुड़ी पड़वा और लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व सूर्य उपासना का पर्व है। पिछले एक माह तक खरमास के बाद आज से शुभ कार्यों की शुरूआत होगी। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आज मकर संक्रांति के शुभ अवसर से प्राण प्रतिष्ठा तक सभी धर्म स्थलों में सफाई का कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने आज श्रीराम मंदिर परिसर में सफाई का कार्य कर अभियान की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे भी अपने आसपास के धर्म स्थलों, आस्था के केन्द्रों, मंदिरों, गुरूद्वारों में सफाई का काम करें। ऐसा उपाय करें कि 22 जनवरी को सम्पूर्ण वातावरण राममय हो जाए। रात में घरों में दीप जलाएं। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस मौके पर अलग-अलग समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। पतंग महोत्सव में दर्शकों और आम नागरिकों के लिए लोक कलाकारों द्वारा गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया। मंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार हमारी परंपरा के महत्वपूर्ण पर्वों में से है जब सूर्य उत्तरायण में प्रवेश करते हैं। इसके उल्लास की अभिव्यक्ति का एक तरीका पतंगबाजी भी होता है।

## स्पीकर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा उद्धव ठाकरे गुट, शिंदे को शिवसेना देने से नाराज

नई दिल्ली। उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र स्पीकर के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, एकनाथ शिंदे समूह के विधायकों की अयोग्यता के फैसला स्पीकर को करना था। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने सभी विधायकों को योग्य ठहरा दिया था। अब उनके इस फैसल को उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया है।



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा था कि 22 जून, 2022 को शिवसेना के भीतर कलह हुआ और वह दो भागों में बंट गई। एक गुट का नेतृत्व उद्धव ठाकरे कर रहे हैं, वहीं दूसरे गुट का नेतृत्व एकनाथ शिंदे के हाथ में है। असली शिवसेना शिंदे गुट की है, क्योंकि उनके पास पार्टी के विधायकों-सांसदों व कई पदाधिकारियों का बहुमत हासिल है।

### भाजपा के सहयोग से बने सीएम

स्पीकर के इस फैसले के बाद सीएम एकनाथ शिंदे बिना किसी डर के अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे। उनकी स्थिति शिवसेना के अंदर भी मजबूत हो जाएगी। उद्धव ठाकरे के सीएम बनने के 18 महीने बाद शिवसेना में बगावत हो गई थी। उसके बाद एकनाथ शिंदे पार्टी में समर्थन हासिल कर भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बन गए थे। लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए गठबंधन में एनसीपी (अजीत गुट) के शामिल होने से महाराष्ट्र में स्थिति और भी मजबूत हो गई है।

## मोदी सरकार के नौ साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, नीति आयोग की रिपोर्ट में किया गया दावा

नई दिल्ली। नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है।



### बहुआयामी गरीबी नौ साल में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई

नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए।

### यूपी में गरीबों की संख्या में सबसे ज्यादा घटी, उसके बाद बिहार, एमपी और राजस्थान

उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही।

### नीति आयोग के चर्चा पत्र के लिए ओपीएचआई और यूएनडीपी ने तकनीकी इनपुट दिए

नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में तीन स्तरों पर सर्वे, नाम आया तो ही टिकट पर होगा विचार

भोपाल। विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद मप्र कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी ने तय किया है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी का चयन तीन स्तर पर सर्वे कराकर किया जाएगा। इसमें नाम आने पर ही टिकट के लिए संबंधित के नाम पर विचार होगा।



**31 जनवरी तक मांगी रिपोर्ट, फरवरी में घोषित किए जा सकते कुछ प्रत्याशी**

एक सर्वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी करा रही है तो दो सर्वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कराए जा रहे हैं। इसमें एक सर्वे लोकसभा समन्वयकों का होगा तो दूसरा प्रभारी द्वारा किया जाएगा। 31 जनवरी तक यह कार्य पूरा करके अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट दी जाएगी, जिसके आधार पर प्रत्याशी चयन होगा। प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से पिछले चुनाव में कांग्रेस ने केवल एक सीट छिंदवाड़ा में जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ निर्वाचित हुए थे। विधानसभा चुनाव परिणामों के अनुसार 10 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की बढ़त रही है। इनको केंद्र में रखकर पार्टी काम कर रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जेल में बंद महिला अधिकारियों से ईडी ने डीएमएफ फंड का लिया हिसाब, अब पूरक चालान पेश करने की तैयारी

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया समेत सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल समेत दस आरोपितों से लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अधिकारियों से डीएमएफ फंड के बारे में जानकारी लेकर प्रतिवर्ष फंड से अर्जित रकम और खर्च की गई राशि हिसाब-किताब लिया गया। ईडी इस मामले में पूरक चालान पेश करने की तैयारी कर रही है। इसमें विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल, विनोद तिवारी समेत अन्य के नाम भी शामिल करने की चर्चा है।





ईडी की टीम में शामिल दो महिला अधिकारियों ने महिला जेल प्रकोष्ठ में बंद रानू साहू और सौम्या चौरसिया से दो दिनों तक लगातार अलग-अलग बैठाकर पूछताछ की है। इनसे प्रतिवर्ष डीएमएफ फंड से अर्जित रकम और खर्च की गई राशि का ब्यौरा लिया गया है। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया गया कि छापेमारी के दौरान तलाशी में पहले ही दस्तावेजों जब्त की जा चुकी है।सारी जानकारी वे पहले ही दे चुके है।

### जेल में विवाद की चर्चा, पूछताछ में किया इंकार

महिला जेल में बंद रानू साहू और सौम्या चौरसिया के बीच विवाद और मारपीट की घटना होने की चर्चा है।इस बारे में ईडी की महिला अधिकारियों ने दोनों से पूछताछ की लेकिन दोनों ने किसी भी तरह की विवाद और मारपीट से इन्कार कर दिया।चर्चा है कि दोनों के बीच तनाव को देखते हुए उन्हें महिला जेल के अलग-अलग सेल में रखा गया है,हालांकि इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है।

### डायरी में छुपे राज खंगाल रही ईडी

सूत्रों के अनुसार कोल घोटाला मामले में ईडी के हाथ लगे एक डायरी ने घोटाले से जुड़े कई राज खोले है।इसके आधार पर ही ईडी की तफ्तीश जारी है। बताया जा रहा है कि डायरी में दर्ज राज के खुलते ही प्रदेश की राजनीति में भूचाल आने की पूरी संभावना है, क्योंकि डायरी में कांग्रेस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मायावती का ऐलान, अकेले ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, किसी पार्टी से नहीं करेंगे गठबंधन

लखनऊ। आज बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन है। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मायावती ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। 2024 चुनाव में बसपा किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव अकेले लड़कर बेहतर रिजल्ट लाएंगे। गठबंधन में चुनाव से हमारी पार्टी को नुकसान होता है। गठबंधन से बसपा को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। हमारी पार्टी को धांधली की वजह से नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण वोट बसपा पर ट्रांसफर नहीं होते। इसलिए बसपा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद उचित भागीदारी मिलने पर समर्थन दिया जा सकता है। लेकिन यह समर्थन मुफ्त मे नहीं दिया जाएगा।



सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोगों को फ्री राशन का झांसा दिया। राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा है। मायावती ने कहा कि यूपी में हमारी योजनाओं की नकल की जा रही है। धर्म की आड़ में राजनीति की जा रही है। मायावती ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किया था। अल्पसंख्यक, मुस्लिम, गरीब, किसान और मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। इन योजनाओं को सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जातिवादी होने की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है।

### फ्री में थोड़ा सा राशन देकर गुलाम बनाने की कोशिश

मायावती ने हमला करते हुए कहा कि लोगों को रोजगार देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर अपना मोहताज बनाया जा रहा है, जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान वर्तमान सरकारों के जैसे लोगों को अपना मोहताज नहीं, बनाया बल्कि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध कराए।

### धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति

मायावती ने आगे कहा कि हमने अपनी सरकार में लोगों को सम्मान और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर, दिया जाएगा खेल अलंकरण

रायपुर। प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए चार साल का सूखा खत्म होगा। राज्य सरकार की ओर से जल्द ही खेल अलंकरण का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों को चार वर्ष बाद सम्मान मिलेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आने वाले समय में खेल में बहुत बदलाव होने के संकेत दिए है। उन्होंने जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी में खेल अलंकरण का आयोजन कराने की संभावना जताई है।

खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस खेल अलंकरण समारोह को रोककर रखा था, हमारा प्रयास है कि उसे जनवरी में ही कर लें। यदि किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो फरवरी में निश्चित करेंगे। खेल अलंकरण समारोह के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाएगा। प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अलंकरण पुरस्कार जरूर मिलेगा।

**मंत्री टंकराम ने की घोषणा**



बताते चले कि प्रदेश में चार वर्ष से अधिक समय से खेल अलंकरण नहीं हो पाया है। खेल अलंकरण नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह समारोह खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आयोजित होता है। राज्य में खेल अलंकरण नहीं होने से खिलाड़ियों का मनोबल भी कम हो रहा है।

**राज्य खेल अलंकरण में मिलने वाली राशि**

*शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार- तीन लाख*
*शहीद कौशल यादव पुरस्कार- डेढ़ लाख*
*वीर हनुमान सिंह पुरस्कार- डेढ़ लाख*
*शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार- 25 हजार*

### बढ़ेगा हौसला, मैदान पर दिखेगा दम

खिलाड़ियों का कहना है कि मेडल हासिल करने के बाद भी उन्हें सम्मान नहीं मिल पा रहा है। अलंकरण से मिली राशि से जरूरत का सामान खरीदते हैं। कोरोना के बाद सभी परेशान हैं। प्रोत्साहन नहीं मिलने के कारण खिलाड़ियों ने मैदान और खेल से भी दूरी बनानी शुरू कर दी है। खेल विभाग को इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। खेल अलंकरण शुरू होने से सरकारी विभागों में नौकरियों के रास्ते फिर से खुलेंगे।

### सड़क पर उतर चुके हैं खिलाड़ी

प्रदेश में खेल अलंकरण का आयोजन नहीं होने से नाराज खिलाड़ी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कई बार सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर चुके हैं। साथ ही लंबित खिलाड़ियों के नामों की जल्द घोषणा और खेल अलंकरण समारोह के तिथियों की घोषणा करने की मांग को लेकर खेल विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलकर संचालक को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं।

# शराब पीकर रोड एक्सिडेंट करने वाले के विरुद्ध सख्त हुई पुलिस

राजनांदगांव (दावा)। शहर के थाना क्षेत्रों में शराब पीकर रोड़ एक्सिडेंट करने वालों पर पुलिस सख्त हो गई है, और पुलिस द्वारा इन पर जुर्माने से लेकर कड़ी कार्रवाई करने से बाज नहीं आ रही। बता दें कि पुलिस द्वारा जहां रोड ऐक्सिडेंट की धाराओं सहित 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है वहीं रोड एक्सिडेंट के दौरान प्रार्थी से लड़ाई झगड़ा पर आमदा होने पर पृथक से धारा 151 दप्रस के तहत की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी किया गया है।





## एक्सिडेंट के धाराओं सहित धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट में की गई कार्यवाही

बताते चलें कि शहर सहित जिले भर में चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह को प्रभावी ढंग से लागू कराने थाना प्रभारी द्वारा थाना लालबाग क्षेत्रांर्तगत 14 जनवरी को शिव मंदिर गौशाला के पास नेशनल हाईवे रोड रेवाडीह में एक शराब पीकर कार चला रहे चालक द्वारा मोटर सायकल चालक को एक्सिडेंट कर दिया। इसकी सूचना पर लालबाग पेट्रोलिंग एवं डायल 112 तुरंत घटना स्थल पहुंचकर आहिता धनेश्वरी साहू को इलाज हेतु मेडिकल कालेज हॉस्पिटल पेण्ड्री ले जाया गया वही आरोपी चालक अभिषेक विश्वकर्मा जो शराब सेवन कर वाहन चला रहा था तथा रोड एक्सिडेंट की रिपोर्ट कराने आये प्रार्थी से लड़ाई झगड़ा करने आमदा हो गया था। आरोपी चालक अभिषेक विश्वकर्मा का ब्रेथ एनालाईजर से अधिक शराब पीना दर्शित होने पर थाना लालबाग में भादवि की धारा 279, 337 के साथ मोटर व्हिकल एक्ट की धारा 185 के अर्तगत प्रकरण दर्ज किया गया तथा आज दिनांक को पृथक से धारा 151 द.प.स. के अंर्तगत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। लालबाग पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि शराब पीकर वाहन न चलाये और अपनी जान सहित लोगों की जान को जोखिम में न डालें।

# ई एवं टी संवर्ग में सहायक शिक्षक पद पर भर्ती हुए शिक्षकों को त्रिस्तरीय समयमान स्वीकृत हो : फेडरेशन



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को शिक्षा के गुणवत्ता एवं शिक्षकों के सेवाकालीन मुद्दों पर ज्ञापन दिया है। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर, राजनांदगांव एवं दुर्ग जिला फेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया।

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, सीएल चंद्रवंशी, वीरेंद्र रंगारी, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, भूषण साव, स्वाति वर्मा, नवीन कुमार पांडे, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे, शिव प्रसाद जोशी, खोमलाल वर्मा, हेमंत पांडे, लीलाधर सेन, पुष्पेंद्र साहू, संजीव मिश्रा, हेमंत दोंदिलकर, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, श्रीमती अभिषिक्ता फंदियाल, सुधांशु सिंह, पायल देवांगन, वंदना पानसे, शिरीष कुमार पांडे, रमेश साहू, राजेश शर्मा, नरेश प्रसाद दुबे एवं रानी ऐश्वर्य सिंह एवं ने बताया कि शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ज्ञापन के मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को सहायक शिक्षक पद पर प्रथम नियुक्त हुए शिक्षकों को त्रि-स्तरीय समयमान वेतन स्वीकृति का ज्ञापन संगत पक्ष सहित प्रस्तुत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला वर्षों से लंबित है। सभी शासकीय सेवकों को 10 एवं 20 वर्ष सेवा उपरांत प्रथम एवं द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृति का आदेश 28 अप्रैल 2008 तथा 30 वर्ष सेवा उपरांत तृतीय समयमान वेतनमान का आदेश 8 अगस्त 2018 को राज्य शासन ने जारी किया था, लेकिन सहायक शिक्षक पद पर प्रथम नियुक्त शिक्षकों को आज पर्यन्त समयमान वेतनमान के स्थान पर 10 वर्ष उपरांत 9300-34800+4200 (लेवल-8) एवं 20 वर्ष उपरांत 9300-34800+4300 (लेवल-9) में क्रमोन्नत वेतनमान शासनादेश 10 मार्च 2017 द्वारा स्वीकृत किया है, जबकि गौरतलब है कि राज्य शासन के आदेश 28 अप्रैल 2008 द्वारा तत्समय प्रचलित क्रमोन्नत वेतनमान योजना को संशोधित कर समयमान वेतन योजना को 1 अप्रैल 2006 से प्रभावशील किया था। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग प्रधान पाठक प्राथमिक शाला 9300-3480+4200 (लेवल-8) को 20 वर्ष सेवा उपरांत 15600-39100+5400 (लेवल-12) में सहमत है (वित्त निर्देश 15/2023)। लेकिन सहायक शिक्षक 9300-34800+4300 (लेवल-9) जो कि प्रधानपाठक प्राथमिक शाला पदोन्नति का फीडर पद है, को 30 वर्ष में समयमान वेतन 15600-34800+5400 (लेवल-12) स्वीकृत करने असहमत है।

उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों के अदूरदर्शितापूर्ण कार्यशैली के कारण प्राचार्य एवं व्याख्याता पद पर पदोन्नति लंबित है। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक को 20 वर्ष उपरांत समयमान वेतनमान 15600-39100+5400 (लेवल-12) स्वीकृत किया गया है, लेकिन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक (राजपत्रित) 9300-34800+4300/4400 (लेवल-9/10) में रहकर कम वेतन पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तकरीबन 751 शासकीय विद्यालयों का निजीकरण कर सेजस विद्यालयों में परिवर्तित किया गया है, जिसका संचालन एक समिति कर रही है, जिसके अधीन प्रतिनियुक्ति में शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत हैं, जो कि अनुबंध का उल्लंघन है। इन विद्यालयों स्वीकृत पदों को समाप्त कर आबंटन मद से वेतन दिया जा रहा है। सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक-कर्मचारियों को गैर सेजस स्कूलों में पदांकित कर फाइनल पेमेंट हो रहा है।

विभागीय अधिकारियों के कार्यप्रणाली का उदाहरण देते हुए शिक्षामंत्री को अवगत कराया कि समग्र शिक्षा राजनांदगांव में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे सहायक कार्यक्रम समन्वयक हीरादास कोसरे 31/12/23 को सेवानिवृत्त हो गए, लेकिन सेवानिवृत्ति के पूर्व प्रतिनियुक्ति समाप्त आदेश जारी नहीं होने के कारण पेंशन, ग्रेच्यूटी, अवकाश नगदीकरण, जीपीएफ, जीआईएस आदि सेवानिवृत्त उपरांत स्वत्वों का भुगतान प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि हीरादास कोसरे कैंसर रोग से पीड़ित हैं। फेडरेशन ने समय रहते विभागीय अधिकारियों को प्रकरण से अवगत कराया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अंतिम निर्णय नहीं लिया।

## पहला कॉलम...

### कल जिला कोसरिया यादव महासभा का बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला कोसरिया यादव महासभा का अगामी 17 जनवरी दिन बुधवार को डोगरगढ मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण मे बैठक रखी गई है। जिसमें समस्त सर्किल पदाधिकारी, जिला व नगर पदाधिकारी, जिला युवा संगठन, जिला महिला संगठन के पदाधिकारी अपनी उपस्थिति देंगें। उक्त बैठक मे 24 फरवरी को श्री राधाकृष्ण मंदिर की स्थापना दिवस, वार्षिक सम्मेलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक सगठंनात्मक विषयों पर समीक्षा की जावेगी। बैठक का समय 1 बजे से प्रारंभ होगी। उक्त बैठक की जानकारी समाज के संरक्षक विश्वनाथ यादव डोंगरगढ ने दी।

### आज रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र (मॉडल कैरियर सेंटर) राजनांदगांव में 16 जनवरी 2024 को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा केवल पुरूष के लिए सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, लेबर एवं मिस्त्री व कुली तथा विनायक जॉब कन्सलटेंसी नया बाजार नीयर राधिका पैसेल होटल रायपुर द्वारा एचआर एक्जीक्यूटिव, मार्केटिंग, एकाऊंटेंट, बैंक ऑफिस, चार्टड एकाऊंटेट, स्टोर कीपर, ग्राफिक डिजाईनर की भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### मेला-मंडई का बना माहौल, पारीकला मंडई 25 को

**खैरझीटी में 29 को मानस महोत्सव**

राजनांदगांव (दावा)। मकर संक्रांति के साथ जहां शुभ एवं मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है वही मेला-मंडई का दौर भी चल निकलता है। अभी पूरे छत्तीसगढ़ सहित अंचल भर में छेर-छेरा, पुन्नी व मांघी पुन्नी का जबरदस्त मेला-मंडई का कार्यक्रम बाकी है। इसके पहले गांव-देहातों में होने वाले ग्राम-मंडई बड़ी मात्रा में आयोजित हो रहे है।

***0 पारीकला मंडई-*** मंडई के इसक्रम में 25 जनवरी को निकटस्थ ग्राम पारीकला में मंडई का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ग्राम के शीतल प्रसाद साहू ने बताया कि पारीकला मंडई के दौरान रात्रि में लोगों के मनोरंजनार्थ लोक सांस्कृतिक संस्था 'लोक सिरजन' का रंगा-रंग कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने मंडई व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने लोगों के पहुंचने की अपील की है।

**खैरझिटी मंडई-** घुमका रोड स्थित उपरवाह के निकट ग्राम खैरझिटी में ग्राम वासियों द्वारा 29 जनवरी को मंडई आयोजित किया गया है। इस दिन अयोध्या में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम में मानव-महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित है। इसीदिन खैरझिटी में मंडई-मेला का जलवा बिखरेगा।

# शराब भट्ठी के सप्लायर सेल्समेन करा रहा था अवैध शराब बिक्री के लिए सप्लाई



पुलिस ने दोनों को जकड़ा शिकंजे में

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने शहर सहित जिले भर में अवैध शराब सप्लाई एवं बिक्री करने वालो पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिस आरोपी पर पुलिस का शिकंजा कसा है वह अवैध शराब बिक्री के लिए देशी एवं अंग्रेशी शराब भट्ठी से अधिक मात्रा में सप्लाई करता था। अवैध शराब बिक्री के लिए शराब भट्ठी के सप्लायर ने बिक्री करने वाले को अपना वाहन भी दे रखा था जिसे घटना स्थल से जप्त किया गया है। पुलिस ने सप्लायर सेल्स मेन सहित दोनों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। बहरहाल दोनों आरोपी पुलिस के गिरफ्त में हैं।

बता दें कि अवैध शराब बिक्री परिवहन एवं सप्लाई की सूचना पर प्रभावी कार्यवाही कराने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव के मार्गदर्शन एवं सीएसपी अमित कुमार पटेल के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा क्षेत्र में मुखबिर एवं स्टाफ लगाकर अवैध शराब खरीद-बिक्री सप्लाई की जानकारी ले रहे थे। लालबाग पुलिस को सूचना मिल रही थी कि शराब भट्ठी का सेल्समेन सुनिल पाटिल अपना गाडी देकर देशी एवं अंग्रेजी शराब भट्ठी रेवाडीह बाईपास से अधिक मात्रा में अवैध रूप से शराब सप्लाई कर बिक्री करा रहा है। गत 14 जनवरी को अपने स्कूटी में देशी एवं अंग्रेजी शराब अधिक मात्रा में देकर विजय धम्गेश्वर के बिक्री करने के लिए भेजे जाने की सूचना मिलने पर, कार्यवाही के लिए टीआई गौतम के हमराह पुखराज देशमुख, आरक्षक फागू साहू की टीम नेशनल हाईवे में आठवी वाहिनी के सामने नाकेबंदी कर उक्त वाहन एवं व्यक्ति का इंतजार कर रही थी तभी मुखबिर के बताये अनुसार वाहन करीब सवा पांच बजे पहुंची जिसे स्टॉप ने रोका नाम पूछने पर अपना नाम विजय धम्गेश्वर बताया जिसकी स्कूटी के बीचो-बीच रखे एक राजश्री के झोला में तलाशी लेने पर 50 नग अंगेजी शराब गोवा व 80 नग देशी प्लेन मदिरा मिली, जिसे जप्त किया गया। आरोपी से दस्तावेज के संबंध में पूछताछ किये जाने पर बताया कि रेवाडीह बाईपास शराब भट्ठी के सप्लायर सुनिल पाटिल ने अपना स्कूटी मुझे देकर देशी ओर अंग्रेजी शराब भट्ठी से बिक्री करने के लिए शराब उपलब्ध कराया है।

जिस पर शराब भट्ठी रेवाडीह बाईपास जाकर सुनील पाटिल को तलब कर उसके पास से पूर्व अवैध शराब बिक्री रकम 1500 रूपये जप्त किये तथा उसे वाहन के संबंध में पूछताछ किये जाने पर स्कूटी को अपना होना बताया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना लालबाग में धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपी विजय धम्गेश्वर पिता दिनेश धम्गेश्वर उम्र 23 साल निवासी पुराना ढाबा सतनामी मोहल्ला तथा सुनील पाटिल पिता रवि पाटिल उम्र 32 साल निवासी बल्देवबाग नया बस स्टैण्ड मजार के पास को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### भर्रेगांव में 18 को मंडई एवं रंगारंग छत्तीसगढ़ी नाच

राजनांदगांव (दावा)। शहर से 10 किमी दूर ग्राम भर्रेगांव में 18 जनवरी गुरूवार को ग्राम मंडई का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए बलभद्र चन्द्राकर ने बताया कि मंडई आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में अं. चौकी क्षेत्र के ग्राम नीचे कोहड़ा का रंगारंग छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में आधिकाधिक संस्था में लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

बलभद्र चन्द्राकर ने साथ ही बताया कि ग्राम में रामायण स्पर्धा भी आयोजित की जानी है। इसके लिए शनि-रवि का समय निर्धारित किया जा रहा है। बता दे कि इन दिनों मेला-मंडई कार्यक्रम के साथ रामायण प्रतियोगिता व मानस महोत्सव की धूम बनी हुई है। घुमका रोड स्थित उपरवाह में 20 एवं 21 जनवरी को दो दिवसीय मानस महोत्सव की कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी दिन कोपेडीह, झूराडबरी, बघेरा, परसबोड व सिंगपुर में भी दो दिवसीय मानस महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है।

# अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की जिला इकाई का गठन वनवासी विकास समिति के नाम



राजनांदगाँव (दावा)। विगत दिनों अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की राजनांदगाँव जिला इकाई का गठन वनवासी विकास समिति के नाम से किया गया है।

वसंत पटेल जिला अध्यक्ष एवं राजेश खांडेकर को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई। समिति में महेन्द्र कुमार देशमुख व नरेश पटेल को जिला उपाध्यक्ष, गोविन्द मलानी को कोषाध्यक्ष एवं मनीष निर्वाणी को सहसचिव की जिम्मेदारी दी गई तथा राजेश कुजाम, डॉ. रंजीत देशमुख, एस.एल. धारगावे, निकुंज अग्रवाल, नंदीश्वर श्रीवास्तव, संदीप जैन, शिवा लिमजे एवं एस. वास्कले कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। यह समिति मुख्य रूप से वनवासी बंधुओं के बीच शिक्षा निःशुल्क कोचिंग स्वालंबन स्वास्थ्य एवं खेलकूद के क्षेत्र में कार्य करेगी।

समिति के द्वारा प्रदेश में चल रहे वनवासी कल्याण आश्रम के विभिन्न आयामों के लिए मकर संक्राति के दिन धन संग्रह किया गया तथा आने वाले दिनों में राजनांदगांव जिले के वनवासी जनजाति बाहुल्य ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किए जाने की भी योजना बनाई गई है।

# मिनीमाता कन्या पॉलिटेक्निक में विभिन्न प्रतियोगिता हुई आयोजित



राजनांदगॉव (दावा)। मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगॉव में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस (27वीं युवा दिवस) के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता एवं विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुलरतन चौरसिया विभाग अध्यक्ष सीडीडीएम, डी के.के. कटेंद्र प्रभारी विभागाध्यक्ष एम ओ एम, इंदु लता साहू प्रभारी विभागाध्यक्ष ईटी एंड टी समस्त व्याख्याता एवं छात्राएं उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ. एम.के. चौबे ने युवा दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों को स्वामी विवेकानंद के उपदेशों को आत्मसात एवं मार्गदर्शक के रूप में अपनाने की शिक्षा दी। समस्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मोनिका दास एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में संपादित हुआ।

# मकर संक्रांति पर गायत्री शक्तिपीठ में पूजन-अर्चन व जन्म दिवस सहित अन्य संस्कारों की रही धूम



सुबह से ही मंदिर में भक्तों की रही भीड़, यज्ञ-अनुष्ठान मे भाग लेने उमड़े श्रृद्धालु

राजनांदगांव (दावा)। मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में यज्ञायोजन से लेकर पर्व विशेष पर विशेष पूजा-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के पूजा-अनुष्ठान में भाग लेने व यज्ञाहूति प्रदान कर वेदमाता गायत्री का दर्शन करने श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ रही।

मंदिर के पुरोहितों द्वारा वेद मंत्रों के बीच आयोजित पूजन-अर्चन कार्यक्रम में भक्तों ने नन्ही बेबी मान्या (सिंघोला) का मुंडन संस्कार व दीपांशु मंगाने (खैरागढ़) व अन्यों का जन्म दिन संस्कार सम्पन्न कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उपट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि सूर्य के राशि परिवर्तन का समय मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर में भगवान भुवन भास्कर सूर्य की आद्यशक्ति मां सावित्री व वेदमाता गायत्री का विशेष पूजा अनुष्ठान का कार्यक्रम रखा गया जिसमें गायत्री परिजनों व आदि शक्ति मां गायत्री के भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और तिल गुड़ की प्रसादी सहित मेवा-मिष्ठान अर्पित कर मातारानी से अपने घर परिवार की सुख शांति व खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान मंदिर के आसपास बैठे याचकों में श्रद्धालुओं द्वारा दान-दक्षिणा का माहौल बना रहा। मंदिर के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने बताया कि संक्रांति का 14 जनवरी की देर रात अश्व पर सवार होकर हरिद्रा लेपन करते हुए दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा की ओर प्रयाण हुआ है।

संक्रांति का उप वाहन सिंह है जो स्वर्णाभूषणों से अलंकृत हो वृद्धावस्था में विराजित है। इसका फलादेश देश के लिए शुभ है वहीं जनजीवन के लिए मंगलमयता लिए हुए है। उन्होंने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा जगह-जगह जाकर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सहित प्रज्ञा पुराण कथा, द्वीप यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। व्यवस्थापक ने वैवाहिक आयोजन से लेकर यज्ञ अनुष्ठान व हिन्दू धर्म के सोलह संस्कार के संपादन के लिए शक्तिपीठ में आकर अथवा मो.नं. 7987614465 पर पंजीयन करा कर अपना स्थान सुरक्षित करवा सकते हैं।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
12th Jan to 18th Jan 2024




Merry Christmas - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Captain Miller - 03:15 and 09:15 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Dunki - 06:15 pm
Salaar - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

// उद्घोषणा //

प्र. क्र. 202401291500007
क्रमांक /191/वा. नजूल /2024
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2023-24 खैरागढ़,
दिनांक 11/01/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश सिंह पिता स्व. उजेन्द्र सिंह वार्ड क्रमांक-04 राजफैमिली खैरागढ़ जिला- के.सी.जी. द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला राजफैमिली ब्लॉक न. 04 स्थित भूखण्ड क्रमांकः 198/3 रकबा 1163 वर्गफूट जो आवेदक के माता श्रीमती स्नेहलता पति उजेन्द्र सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी का फौत दिनांक 14.01.2023 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर आवेदकगण/उनके वैध वारिसानों के नाम नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि पर आवेदकगण के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. 202401092300020-ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालकृष्ण वर्मा पिता हरकराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पुरैना तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र भूषण वर्मा पिता बालकृष्ण वर्मा जाति लोधी का मृत्यु दिनांक 25.05.2023 को ग्राम कसारी में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में जन्म दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र भूषण वर्मा पिता बालकृष्ण वर्मा जाति लोधी का मृत्यु दिनांक 25.5.2023 को ग्राम कसारी में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.01.2024 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
0-1-2
449-7 339-5
राजधानी
5-6-7
234-9 235-0

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के कमला कालेज के शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लेने सांसद ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र सरकार की योजना को छत्तीसगढ़ में जन जन तक पहुचाने 180 मोबाईल वेन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी। जो गांव-गांव में योजनाओं का प्रचार कर विगत तीन दिनों से शहर में प्रचार कर रही है, वार्डो में शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है। उक्त उदगार कमला कालेज मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में सांसद संतोष पाण्डे ने दिये। उन्होंने कहा कि मोदी जी का सपना कि हमारा देश 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत राष्ट्र बने। उनका सपना तभी पूरा होगा जब शासन की योजना का लाभ प्रत्येक नागरिकों को मिले। उन्होंने कहा कि लगभग 10 वर्षों से केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। लोग योजना का लाभ लेकर प्रसन्न होकर आपके सामने अपना अनुभव भी साझा कर रहे है। जिन्हें लाभ नहीं मिला है उन्हें लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि शिविर में उपस्थित होकर सभी योजनाओं का लाभ ले और लोगों को भी लाभ लेने प्रेरित करें।




कमला कालेज मैदान में आयोजित विकसित भातर संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ आज प्रातः राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डे ने फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया। शुभारंभ पश्चात सांसद श्री पाण्डे सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियों से रूबरू हो केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का समान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा अतिथियों ने योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसके पूर्व विकसित भारत 2047 के लिये संकल्प दिलाये।

**0 प्रधानमंत्री का सपना की भारत 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बने-संतोष पाण्डे**

**0 योजना का लाभ लेकर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत् लाभार्थियों ने अनुभव साझा किया**

शिविर में राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, अशोक चौधरी, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित पार्षद शिव वर्मा, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, विजय राय, शरद सिन्हा, कमलेश बंधे, ऋषि शास्त्री, गगन आईच, श्रीमती खेमीन यादव, श्रीमती टुमेश्वरी उके, श्रीमती मधु बैद विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद सहित अतिथियों का निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त मोबिन अली व अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। सांसद श्री पाण्डे ने उपस्थितजनों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने तथा देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने का संकल्प दिलाया।

शिविर में सचिन बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर की कल्पना पहले कभी नहीं हुई और न ही ऐसा विशाल शिविर देखने को मिला, जहॉ केन्द्र सरकार की योजना का जन जन को लाभ मिल रहा है और लोग योजना का लाभ लेकर अपना अनुभव साझा कर रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी जी हमारे ऐसे प्रधानमंत्री है जिन्होंने स्वच्छता का अलख जगाया, घर घर शौचालय बनवाये, कच्चे मकान वालों को पक्का मकान, बेघर लोगों को स्वयं का मकान दिलाया। उन्होंने लोगों को सीधा लाभ देकर जनजागरूकता लाये। अशोक चौधरी ने कहा कि 2047 का लक्ष्य लेकर विकसित राष्ट्र बनाने केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी शिविर में दी जा रही है, जिसका आप लोगों को लाभ लेना है और विकसित राष्ट्र का सपना सकार करना है।

शिविर में वार्डवासियों ने विभिन्न योजनाओं के लिये किया आवेदन शिविर में विभिन्न वार्डो के लगभग 15 सौ लोग शिविर में उपस्थित हुये और योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 80 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 1055 ने, आधार के लिये 38 ने, उज्जवला योजना के लिये 88 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 122 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 54 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकड़ों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी, वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने 20 लाख की 100 गुम मोबाइल, मोबाइल धारकों को वापस लौटाया





राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने आज विभिन्न थानों क्षेत्रों में गुम हुए मोबाइल को उनके धारकों को वापस लौटाया है। उक्त मोबाइल दीगर राज्य महाराष्ट्र, हैदराबाद व विभिन्न जिलों रायुपर, दुर्ग, बालोद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी आदि जगहों से बरामद किया गया था।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा सायबर सेल को गुम मोबाइल खोज कर मोबाइल धारकों को लौटाने के निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी सायबर सेल अमित पटेल के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी सायबर सेल जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में सायबर सेल की पूरी टीम द्वारा जिला राजनांदगांव के शहर, ग्राम व सुदूर नक्सल प्रभावित दुर्गम क्षेत्र व छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों कबीरधाम, दुर्ग, बालोद, कोण्डागांव, रायपुर, महासमुंद, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी एवं अन्य प्रदेशों महाराष्ट्र, ओडिसा, तेलंगाना आदि जगहों से कुल 100 गुम मोबाईल खोजा गया। जिसे 15 जनवरी सोमवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा मोबाईल धारकों को उनके गुम मोबाईल का वितरण किया गया।

### मोबाइल धारकों को समझाईश

कलेक्टर व एस पी द्वारा मोबाइल धारकों को समझाइश देते हुए कहा कि आज के समय में मोबाईल मात्र संचार का साधन ही नही है बल्कि मोबाईल में लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक एकाउण्ट, फोटो, विडियो, बिजनेश के सॉफ्टवेयर आदि कीमती डाटा संकलित कर रखे हुए रहते हैं। मोबाईल दूसरे के हाथों में आने पर उससे वे उनका गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं और किसी अपराध में भी उनके मोबाईल व सिम का उपयोग कर सकते हैं। अतः मोबाईल गुम होने पर तत्काल सिम बंद करवायें। मोबाईल में सेफ्टी फिचर्स होते हैं जिसे चालू रखें, फाईण्ड माई डिवास जैसे सॉफ्टवेयर डाउनलोड कर रखें जिससे मोबाईल गुमने पर तत्काल स्वतः ढूंढ सके। अपने मोबाईल में पासवर्ड डाल कर रखें, अपना मोबाईल किसी अंजान व्यक्ति को उपयोग करने ना देवे, बिना पढ़े किसी एप को डाउनलोड ना करें, अंजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक को टच ना करें, सोशल मीडिया साईट पर अंजान फ्रेन्ड रिक्वेस्ट को एग्री न करें और अपना फोटो विडियो व डाटा शेयर ना करें। सायबर ठगों से बचें, जानकार बने और रहें सावधान। गुम मोबाईल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों को जब पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अपने हाथों से 100 गुम मोबाईल लौटाया गया तब गुम मोबाईल पाकर लोगों का चेहरा खुशी से खिल गया। गुम मोबाईल मिलने पर मोबाईल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को गुम मोबाईल ढूंढवा कर वापस दिलाने के अभियान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

**थाने में भी सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोजा जा रहा है गुम मोबाइल**

### मोबाइल खोजने में इनकी रही भूमिका

मोबाइल धारकों के गुम मोबाईल खोजने में सायबर सेल के द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक अनित शुक्ला, बसंत राव, आरक्षक हेमंत साहू, आदित्य सिंह, मनीष मानिकपुरी, मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, मनोज खूंटे, ओमराज साहू, अमित सोनी, दुर्गेश भूआर्य, हरिश ठाकुर, जीवन लाल ठाकुर, जोगेश राठौर, परिवेश वर्मा एवं महिला आरक्षक पार्वती कंवर की प्रमुख भूमिका रही।

### आम जनता से अपील

पुलिस द्वारा आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि दूसरों का प्राप्त मोबाईल प्रयोग करना अपराध की श्रेणी में आता है। गुम मोबाइल प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही से बचने हेतु उसे नजदीकी थाना या साइबर सेल राजनांदगांव में जमा करें। भारत सरकार द्वारा सीईआईआर पोर्टल लॉच किया गया है यदि आपका मोबाइल गुम या चोरी हो जाने पर तत्काल आप अपने नजदीकी थाना जाकर गुम मोबाइल का शिकायत सीईआईआर पोर्टल में दर्ज कराये। गुम मोबाईल का आवेदन, आधार कार्ड और मोबाईल के बिल सीईआईआर पोर्टल पर स्वंय भी सबमिट कर ब्लॉक कर सकते है।

## स्वयंभूनाथ त्रिपाठी ने प्रथम प्रयास में यू.पी.एस.सी. क्लीयर कर संस्कारधानी को किया गौरवान्वित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के कैलाश नगर में निवासरत स्यंभूनाथ त्रिपाठी ने यू.पी.एस.सी. की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रथम प्रयास में ही चयनित हुये है। उन्होंने प्रथम प्रयास में ही यू.पी.एस.सी. में चयनित होकर तीसरा रैंक प्राप्त किया, जो गर्व की बात है। सामान्य परिवार में जन्मे श्री त्रिपाठी के पिता कृष्णकांत त्रिपाठी बिजली विभाग के शिव मंदिर में पूजारी है, और इनकी माता श्रीमती नीलम त्रिपाठी गृहणी है। इनके छोटे भाई दिव्यांग त्रिपाठी चार्टर एकाउण्टेंट है।

**महापौर ने दी बधाई**

यू.पी.एस.सी में चयनित होकर संस्कारधानी को गौरवान्वित करने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख उनके निवास पहुॅच स्यंभूनाथ त्रिपाठी सहित परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

ज्ञात हो कि प्रतिभा के धनी स्यंभूनाथ त्रिपाठी बचपन से ही मेघावी छात्र रहे है, उन्होंने देहरादून से बी.टेक की पढ़ाई की और बाम्बे से एम.टेक किया। स्कूल टाईम से ही यू.पी.एस.सी. का उद्देश्य बनाकर चले और उन्हें सफलता मिली।

महापौर श्रीमती देशमुख ने बधाई देते हुये कहा कि मध्यम परिवार के स्यंभूनाथ त्रिपाठी ने दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है और अपने परिवार के साथ साथ संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बधाई देते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिला योजना समिति के सदस्य एवं वार्ड पार्षद अमिन हुद्दा ने भी अपनी शुभकामनाएं दी।

## मुस्लिम समाज में फिजूल खर्ची पर लगी पाबंदी

राजनांदगांव (दावा)। मुस्लिम समाज में फैली बुराइयों को रोकने व दूर करने के लिए राजनांदगांव शहर के सभी ईदारो के मुतवलिल्यांन/अध्यक्ष सभी मस्जिदों के ईमाम साहब और शहर की कमेटियों के ज्यादातर सदर व शहर के जिम्मेदार लोगों ने नेक पहल की है, एक-एक घर सुधरेगा तो देश में सुधार होगा की तर्ज पर अपने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने, समाज को सुधारने का बेहतरीन तरीका अमल में लाया है।

समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफ़ज़ल अली ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कमेटियों के ईस महत्वपूर्ण फैसले का पुरे प्रदेश में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग ईस सराहनीय कदम का स्वागत कर रहे है, मुस्लिम समाज में फैली बुराइयां व दोषपूर्ण व्यवस्था सामाजिक व दिनी रिवाज परम्पराएं कौम के विकास में रूकावटें पैदा कर रही हैं। वही कौम को तालीम व तरक्की के रास्ते पर लाना निहायत ही ज़रूरी हो गया है।

**उलेमा, ओहदेदारों का ऐलान नाच-गाना, ढोल-तासे, डीजे-बाजे वाली शादियां एकदम बंद**

इसी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए शहर की सभी मस्जिदों, दरगाहों व कब्रिस्तान कमेटियों के मुतवल्लीयान, सदर साहिबान व सभी मस्जिदों के ईमाम व हाफिज की मौजूदगी में तारीख 10 जनवरी को एक मिटिंग जामा मस्जिद में रखी गई थी जिसमें सभी पहलुओं पर गौरो फिक्र कर एक राय से यह तय किया की दरगाहों में होने वाले उर्स, कव्वाली मुकाबला, समा महफील, शहर से निकलने वाले संदल, चादर, जुलुस, ताजिए और शादियों में डी.जे., आतिशबाजी, बाजा, मटका पार्टी आदि को फिजूल खर्च व गैर-शरई काम करार देते हुए खत्म करना मुनासिब है, इसमें खर्च होने वाली रकम से वक्त की सबसे बड़ी जरूरत-अस्पताल व स्कूल, कॉलेज जैसे संस्थाएं बनायी जा सकती है। परिवारजन उन्ही बचत रकम से अपने व्यापार को गति दे सकते है। हदीस में हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्ललाहू अलैहि व सल्लम ने फरमाया 15 आमाल ऐसे है जब लोगो में वह काम होने लगे तो परेशानियां और मुसिबतें आने लगती है उनमें से एक काम बाजों और गानों की कसरत है।÷ इसके अलावा अनेक हदीसे और भी है जिसमें हुजूर ने बाजे व शोर शराबे से मुताल्लिक अपनी नाराजगी फरमाई है। मुस्लिम समाज ने एक राय होकर तत्काल फैसले को अंजाम तक पहुंचाने वक्त तारीख से ऐसे प्रोग्रामों को अंजाम देने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक ये पैगाम पहुंचाकर हम सुधरेगें तो आने वाली नस्लें सुधरेगी की तर्ज पर गुजारिश की है कि ऐसे आयोजन में शरीक ना हो व अपने नौजवानों को भी समझाइस दी, गैर शरियतन व फिजूलखर्चो को रोकने में मदद करते हुए गुनाहों से खुद बचे व कौम देश को भी बचाएं।

कड़ी ताकित की गई है उपरोक्त फैसले पर अमल नही करने की स्थिति में बर्तन, सामान, जमातखाना आदि का उपयोग करने की इजाजत नही होगी व ऐसे में शहर के पेश ईमाम साहब निकाह नही पढ़ा सकेगें ।

## जनदर्शन में पहुंचे सचिवों को सीईओ ने लगाई फटकार, मुख्यालय में आवेदन लेने किया निर्देशित




**जनदर्शन में मिले 55 आवेदन, 46 आवेदनों का किया गया निराकरण**

छुरिया (दावा)। राज्य शासन की मंशानुरूप कलेक्टर के निर्देशन में ब्लाक मुख्यालयों में सप्ताह में एक दिन लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनपद एवं तहसील कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

इसी परिपालन में जनपद पंचायत छुरिया परिसर में जनदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां सचिवों को उपस्थित देख जनपद सीईओ एस.के. ओझा ने उन्हें फटकार लगाते हुए अपने मुख्यालय में प्रत्येक सोमवार को रहकर ग्रामीणों का आवेदन लेने मौखिक निर्देश दिया है। जनदर्शन में 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 46 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। वहीं शेष 9 आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया है।

जनदर्शन कार्यक्रम में जनपद सीईओ एस.के.ओझा, जी.पी. लहरिया अनुविभागीय अधिकारी, आशराम कंवर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रजनी कश्यप सहायक प्रोग्रामर मनरेगा की उपस्थित थे। जनदर्शन में राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, निर्माण कार्य, डी.एम.एफ स्वास्थ्य विभाग, निर्माण शाखा, अन्य विभागों के लगभग 55 आवेदन प्राप्त हुए।

### सी.सी.सड़क का भुगतान दिलाने जनदर्शन में आवेदन

ग्राम पंचायत धरमूटोला के आश्रित ग्राम कल्लूटोला में खनिज न्यास मद से लगभग 2 किलोमीटर सी.सी.सड़क निर्माण हुए लगभग दो माह हो गए हैं, जिसका भुगतान करने सरपंच हौसीलाल साहू ने जनदर्शन कार्यक्रम अधिकारी जनपद सीईओ से गुहार लगाई है। सरपंच ने अपने आवेदन में कहा कि निर्माण कार्य का लगभग 3 लाख रूपये का भुगतान शेष है। मटेरियल सप्लायर राशि भुगतान के लिए रोजाना परेशान कर रहे हैं।

### तहसील कार्यालय को मिले 14 आवेदन

राजस्व विभाग में लंबित मामलों का तेजी से निराकरण करने के लिए जनदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सोमवार को तहसीलदार की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी के तहत आज तहसीलदार विजय कोठारी को सीमांकन, अतिक्रमण, धान बोनस राशि, नामांतरण, अवैध कब्जा प्रकरण संबंधित सहित कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल में सम्पन्न हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रणी शिक्षण संस्था शाला शीला थीजन मेमोरियल हाई स्कूल, ममता नगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। शाला के कक्षा नर्सरी से कक्षा दसवी के विद्यार्थियों ने अपने विभिन्न खेलों से अपनी प्रदर्शन के द्वारा प्रस्तुत किया। खेल के प्रथम दिन का आयोजन मार्च पास्ट, फ्लैग होस्टिंग एवं प्लेड्ज के द्वारा शुरू किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 तक के सभी विद्यार्थी शामिल थे।

खेलकूद के आयोजन में क्रमशः कक्षा नर्सरी से केजी 2 के बच्चों के खेलों में जलेबी दौड़, फ्रॉग रेस, आलू दौड़, जिग-जैग, एवं शेप गेम रही। वहीं कक्षा 1 से कक्षा 5 तक में बॉल बैलेंसिंग रेस 30 मीटर, टम्बलर रेस 30 मीटर, स्पून रेस 30 मीटर, रिंग रेस 50 मीटर, सिंपल रेस 50 एवं 100 मीटर, हॉप्सकॉच, एवं म्यूजिकल चेयर रही। कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के बच्चों के लिए थ्रेड एवं निडिल 50 मीटर, स्कीपिंग रेस 50 मीटर, सिंपल रेस 100 मीटर, स्लो साइकिल 50 मीटर, 3 लेग रेस 100 मीटर, रिले रेस 200 मीटर, हर्डल रेस 50 मीटर, शतरंज, कैरम, गोला फेंक, थ्रो बॉल, टग ऑफ वॉर (रस्सी खींच) रही। इस प्रकार समस्त प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बालक एवं बालिका को वार्षिक खेलकूद स्नेह सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया।

सभी खेल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की गई थी। जिसमें शाला के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शाला के समस्त प्राध्यापकगण वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता को सफल बनाने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्राचार्य द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों तथा शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## खेत से चोरी हुआ 30 कट्टा धान

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों खेत-खलिहान में रखे किसानों के धान पर चोरी की नियत गड़ी हुई है। पिछले दिनों सुरगी थाना चौकी क्षेत्र में एक ऐसा ही चोर सपड़ में आया था। अब मिली जानकारी के अनुसार घुमका क्षेत्र के गोपालपुर गांव में खेत में रखे 30 कट्टा धान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाया गया है। वही चार्जिंग में लगी मोबाईल को भी चोरों ने पार कर दिए। बताया जाता है कि रात में किसान धान की फसल को काटकर बोरे में भर कर खेत में ही रखा था। सुबह देखने पर 254 कट्टा धान में से 30 कट्टा धान गायब था। चोरी गए धान की कीमत 26 हजार रूपए आंकी गई है। आए दिन धान चोरी की घटनाएं होने से पुलिस की परेशानी बढ़ गई है। भाजपा सरकार द्वारा 31 सौ रूपए क्विंटल धान कर दिए जाने से सोसायटियों में इधर-उधर से खरीद कर किसान रूपए की लालच में धान खपा रहे है वही चोर भी मौके का फायदा उठाकर धान चोरी को अंजाम देने से नहीं चूक रहे।

## आज श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समिति की निकलेगी भव्य राम रथयात्रा

राजनांदगांव (दावा)। 16 जनवरी को निकलने वाले श्रीराम रथ यात्रा की तैयारियां पूर्ण पूर्ण कर ली गई है। तीन दिवसीय इस यात्रा का शुभारंभ राजनांदगांव विधानसभा के टेडेसरा से 12 बजे दोपहर को होगा। रथ यात्रा में श्री राम जी के रथ के साथ डीजे के माध्यम से भजन कीर्तन के साथ माहौल को राममय किया जाएगा एवं अनेक मोटरसाइकिलों में राम भक्त सवार रहेंगे, जो जय श्री राम के नारों से आकाश को गुंजायमान कर देंगे।

यात्रा सोमनी सुंदरा भाजपा कार्यालय महावीर चौक मानव मंदिर चौक इंदिरा नगर चौक फरहद चौक जंगलपुर रामपुर घोरदा अर्जुनी सुखरी अमलीडीह टोला गांव आरी कोनारी बगदई डोंगरगांव पहुंचेगी दूसरे दिन 17 जनवरी डोंगरगांव से रास्ते में आने वाले विभिन्न ग्राम होते हुए डोंगरगढ़ शहर पहुंचेगी तृतीय दिवस 18 जनवरी डोंगरगढ़ से विभिन्न मार्ग होते हुए घुमका में समापन होगा।

### यात्रा का मुख्य उद्देश्य

श्रीराम भक्तों से निवेदन करने का है की आगामी पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत् 2080, सोमवार (दिनांक 22 जनवरी, 2024) के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा। आप भी प्राण-प्रतिष्ठा के दिन (पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे के मध्य) अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई पर्दा (एलईडी स्क्रीन) लगाकर अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखायें, शंखध्वनि, घंटानाद, आरती कर प्रसाद वितरण करें। कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केन्द्रित रहे, अपने मंदिर में स्थित देवी-देवता का भजन-कीर्तन-आरती पूजा तथा 'श्रीराम जय राम जय-जय राम' इस विजय मंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। सभी देवी-देवता प्रसन्न होंगे, सम्पूर्ण भारत का वातावरण सात्विक एवं राममय हो जायेगा। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह दूरदर्शन द्वारा सीधे प्रसारित किया जायेगा, अनेक चैनलों के माध्यम से भी प्रसारण किया जायेगा।

प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएँ; दीपमालिका सजायें, विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाये।

इस संदेश और जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए तीन दिवसीय रथ यात्रा का आयोजन किया गया है जो 16 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित है। आयोजन समिति में प्रमुख रूप से मूलचंद लोधी, संयोजक रवि सिन्हा, सहसंयोजक चुन्नी यदु, प्रवेश ठाकुर, मनीष त्रिपाठी, अनंत तिवारी, सुमित मिश्रा, तेजलाल वर्मा, नीलाभ यदु, अक्षय पटेल, आनंद साहू, कुलेश्वर साहू शामिल है एवं मंडलवार भी समिति गठित की गई है।

## अनमोल दावा

> विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है।

# बदलता भारत, झुकता विश्व

भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ-नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक-एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। हालिया मालदीव प्रकरण का निहितार्थ क्या है? यह ठीक है कि मालदीव पांच लाख की आबादी वाला सूक्ष्म इस्लामी देश है, जिसकी आर्थिकी मुख्यत– पर्यटन पर निर्भर है। वह भारत रूपी बड़ी आर्थिक शक्ति के समक्ष किसी भी मामले में नहीं टिकता। परंतु जिस प्रकार मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा प्रकट भारत-मोदी विरोधी वक्तव्यों के खिलाफ देश का बड़ा वर्ग एकजुट होकर खड़ा हुआ– वह वैश्विक विमर्श में भारत की बढ़ती शक्ति, राष्ट्र के रूप में भारत की एकता, अखंडता और उसकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति सजगता को रेखाकिंत करता है। आखिर इस आमूलचूल परिवर्तन का कारण क्या है? कहा जा सकता है कि भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ-नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक-एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। मालदीव के भारत-विरोधी चिंतन के खिलाफ देश के बहुत बड़े वर्ग का प्रतिकार– इसी उपक्रम का परिणाम है।


सुधी पाठकों को विदित होगा कि मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की गोद में बैठकर भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। परंतु यह इस प्रकार और इतनी तीव्रता के साथ धराशायी हो जाएगा, इसका अनुमान स्वयं राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी सरकार को भी नहीं रहा होगा। आखिर यह पूरा प्रकरण क्या है? चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लक्षद्वीप दौरे के अनुभव को तस्वीरों-वीडियों के माध्यम से 'एक्स' पर साझा किया था। इसमें जब प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव का नाम लिए बिना लक्षद्वीप को पर्यटन का अच्छा विकल्प बताया, तब पहले भारत-विरोधी नीतियों में लिप्त मालदीव की मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों– मरियम शिऊना, मालशा शरीफ और हसन जहान ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत के लिए विषवमन प्रारंभ कर दिया। देखते ही देखते इसके विरुद्ध सोशल मीडिया पर असंख्य भारतीयों का गुस्सा भड़का, देश के कई लोकप्रिय हस्तियों ने मालदीव को आईना दिखाना, सैंकड़ों भारतीयों और पर्यटन कंपनियों द्वारा मालदीव प्रवास का पूर्वनिर्धारित पंजीकरण व हवाई टिकटें रद्द करना शुरू किया, वैसे ही मालदीव का भारत-विरोधी सत्ता-अधिष्ठान घुटनों पर आ गया और अपने उन्हीं मंत्रियों को निलंबित कर दिया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मालदीव आने वाले पर्यटकों में एक तिहाई हिस्सेदारी भारतीयों की है। अब चूंकि मालदीव के भारत-विरोधी उपक्रम के खिलाफ असंख्य भारतीयों ने मालदीव के बहिष्कार का निर्णय किया है, इसलिए अपनी आर्थिकी को बचाने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष के आगे अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजने की भीख मांगी है।

यह कोई पहला मामला नहीं है। चाहे संकटग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य अभियान चलाकर अपने लोगों की सुरक्षित देश-वापसी हो, रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने हेतु विश्व के बड़े देशों का प्रधानमंत्री मोदी से मध्यस्था का आह्वान हो या फिर जी20 सम्मेलन में देश की कूटनीतिक सफलता– यह सब दुनिया में भारत की भू-राजनीति में मौलिक परिवर्तन को प्रामाणित करता है। भ्रष्टाचार-मुक्त जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन और आर्थिक-सामाजिक सरोकारों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 2014 से पहले दिल्ली, राजस्थान, मुंबई, पुणे, वडोदरा आदि नगरों में जिहादियों द्वारा बम धमाके आम थे। परंतु कश्मीर-पंजाब रूपी अपवादों को छोड़कर बीते 10 वर्षों एक भी घातक आतंकवादी हमला नहीं हुआ है। आज देश में सुरक्षा की स्थिति यह है कि यदि सीमापार से किसी ने दुस्साहस का प्रयास किया, तो उसे उचित जवाब मिलता है। 2016-2019 में भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और गलवान-तवांग प्रकरण में चीन की हेकड़ी को तोड़ना– इसका प्रमाण है। देश के पूर्व राजनयिक और पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने अपनी पुस्तक 'एंगर मैनेजमेंट– द ट्रबल डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' में खुलासा किया है कि फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में फंसे भारतीय लड़ाकू पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान की सुरक्षित वतन-वापसी के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर नौ घातक मिसाइलें तान दी थी। यह घटना 27 फरवरी 2019 की थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने 'कत्ल की रात' कहकर संबोधित किया था। इससे पहले भारतीय नेतृत्व की क्या स्थिति थी, वह पाकिस्तान से आए आतंकवादियों द्वारा वर्ष 2008 के भीषण 26/11 मुंबई हमले से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें प्रतिकार को तैयार भारतीय सेना का मनोबल तत्कालीन मनमोहन सरकार ने तोड़ दिया था। मई 2014 से पहले कुछ अपवादों (पोखरण-2 परिक्षण सहित) को छोड़कर भारतीय नेतृत्व के दृष्टिकोण में आत्मसम्मान का अभाव था। तब हमारा रवैया कैसा था, यह स्वतंत्रता के बाद देश पर लगभग 50 वर्षों तक प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से शासन करने वाली कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता राहुल गांधी के विचारों से स्पष्ट है। 2 अप्रैल 2021 को पूर्व अमेरिकी राजनयिक निकोलस बर्न्स से ऑनलाइन चर्चा करते हुए राहुल इस बात से असंतुष्ट हो गए थे कि भारत के आंतरिक मामलों पर अमेरिका अब कुछ नहीं बोलता। ऐसा ही विचार 1972 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी (सेवानिवृत्त), पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और चीन आदि देशों में भारतीय राजदूत रहे शिवशंकर मेनन ने भी एक विदेशी पत्रिका को लिखे कॉलम में प्रस्तुत किया था। तब राहुल और मेनन के विचारों का मर्म यह था कि अमेरिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'सही रास्ते' पर लाने और अमेरिकी नीति के अनुसार काम करवाने का प्रयास नहीं कर रही है। अनुमान लगाना कठिन नहीं कि इसी गुलाम मानसिकता से ग्रस्त होकर प्रारंभिक और कालांतर में भारतीय नेतृत्व तथा भारतीय नौकरशाहों ने कितनी बार राष्ट्रहित के साथ समझौता किया होगा। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान भारतीय नेतृत्व दुनिया को वास्तविक भारत से परिचय कराते हुए अपने हितों को ध्यान में रखकर विदेश-नीति को आकार दे रहा है। भारतीयों द्वारा मालदीव को उसका स्थान दिखाना– इसका परिणाम है।

# मालदीव प्रकरण : लेफ्ट लिबरल, कांग्रेस व चीन की एक जैसी प्रतिक्रिया

**डॉ. समन्वय नंद**





राजनांदगांव (दावा)। देश का लेफ्ट लिबरल गुट के लोग व उनका सिस्टम हमेशा से भारत के राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर भारत के खिलाफ वातावरण तैयार करने में आगे रहता है, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। अभी हाल ही में मालदीव प्रकरण में भी लेफ्ट लिबरल लोग ने इस बात को फिर से प्रमाणित कर दिया है। कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्षद्वीप जाकर वहां के कुछ फोटो अपने सोशल मीडिया पर साझा किया था। प्रधानमंत्री ने जब अपना फोटो शेयर किया था तब मालदीव का नाम तक नहीं लिया था। इसके बाद भारत के लोगों ने मालद्वीप की मोइजु सरकार की भारत विरोधी व चीन समर्थक रुख के कारण मालदीव के बदले लक्षदीप को पर्यटन के लिए जाने के लिए सोशल मीडिया पर बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान के बाद मालदीव सरकार के कुछ मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोशल मीडिया पर अपशब्द कहना शुरु कर दिया था। इन लोगों ने भारत में पर्यटन के लिए आवश्यक अव संरचना न होने की बात कहने के साथ-साथ भारत के लोगों को निशाना बनाना शुरु कर दिया। इस तरह की भारत विरोधी बयानों पर भारत में तीखी प्रतिक्रिया दिखी तथा सोशल मीडिया पर बायकट मालदीव का अभियान चलाया गया। इसका काफी असर हुआ तथा मालदीव सरकार को अपने मंत्रियों को निलंबित करना पड़ा।

जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है कि इस मामले में भी पहले की भांति भारत के लेफ्ट लिबरल गुट के लोग भारत के समर्थन में नहीं बल्कि भारत के विरोध में दिखाई दिये। इस गुट के लोगों ने सोशल मीडिया पर कहना प्रारंभ कर दिया कि भारत में पर्यटन के लिए आवश्यक इनफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। मालदीव भारत से इस मामले में काफी आगे। इस तरह के लोगों द्वारा आंकड़े गिनाये गये और प्रमाणित करने का प्रयास किया गया कि भारत पर्यटन के लिए इनफ्रास्ट्रक्चर के मामले में मालदीव से काफी पीछे है। इसलिए मालदीव को बायकाट करने की बात कहने से पहले इन सारी बातों पर ध्यान देना चाहिए।

लेकिन इन लेफ्ट लिबरल गुट के लोगों के इस तरह के तर्कों का कोई असर नहीं दिखा। लोगों ने मालदीव के लिए बूक किये गये होटल के कमरों व यात्रा के टिकट लगातार रद्द करते देखे गये। मालदीव के बायकाट का अभियान जोर पकड़ने पर लेफ्ट लिबरल गुट के लोग और ज्यादा दुःखी दिखे। इसके बाद उन्होंने एक अन्य प्रकार का नैरेटिव बनाने का प्रयास किया। इसमें भारत को दोषी बताने का प्रयास किया गया। जो नैरेटिव बनाने का प्रयास किया गया उसमें मुख्य रुप से जो बातें कहीं गई वह निम्न प्रकार से हैं। 'एक छोटे देश को भारत धमकाने का प्रयास कर रहा है जोकि सही नहीं है'। 'एक छोटे सार्वभौम देश के प्रति इस तरह का व्यवहार क्यों किया जा रहा है'। 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा क्यों कर रहे हैं?'। 'सोशल मीडिया पर मालदीव के खिलाफ वातावरण क्यों बनाने दिया जा रहा है, उन्हें रोका क्यों नहीं जा रहा है'। कुल मिलाकर सोशल मीडिया पर लेफ्ट लिबरल गुट के लोग इन्हीं बातों को लेकर नैरेटिव निर्माण के प्रयास करते रहे। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कठघरे में खडा करना था। अब देखते हैं कांग्रेस की प्रतिक्रिया इस प्रकरण में क्या रही। मालदीव प्रकरण को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'नरेंद्र मोदी सत्ता में आने के बाद हर चीज को निजी तौर पर ले रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते रखने चाहिए। हमें समय के अनुसार कार्य करना चाहिए क्योंकि हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते।' कांग्रेस अध्यक्ष ने जो बात कही है क्या वह सच है। क्या प्रधानमंत्री हर चीज को निजी तौर पर ले रहे हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने तो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर किसी का नाम तक नहीं लिया था। ऐसी स्थिति में मल्लिकार्जुन खडगे बिना कारण के प्रधानमंत्री को निशाना क्यों बना रहे हैं। यहां उल्लेख करना आवश्यक है कि मालदीव के नव निर्वाचित राष्ट्रपति मोईजु चुनाव से पूर्व ही अपना भारत विरोध व चीनी प्रेम को जगजाहिर कर दिया था। चुनाव से पूर्व ही वह माले में उन्होंने इंडिया आउट का नारा दिया था। चुनाव जीतने के बाद भी उन्होंने भारत विरोधी रुख को स्पष्ट किया था। वह स्पष्ट रुपसे मालदीव में चीन के प्रभाव को बढाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव का नाम तक नहीं लिया था। लेकिन तब भी कांग्रेस अध्यक्ष खडगे प्रधानमंत्री के खिलाफ बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं। इस मामले में चीन की क्या प्रतिक्रिया रही यह भी देखना आवश्यक है। चीन का सरकारी मुख्यपत्र ग्लोबल टाइम्स में छपे लेख को चीन सरकार की नीति माना जाता है ।

ग्लोबल टाइम्स में एक लेख प्रकाशित हुआ जिसमें कहा गया, 'भारत जैसे देशों को मालदीव जैसे देश की विशेष प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और एक संप्रभु, स्वतंत्र देश के रूप में पूरे सम्मान के साथ इसके साथ व्यवहार करना चाहिए। भारत को भारतीय उपमहाद्वीप को नियंत्रित करने का सपना त्याग देना चाहिए।' इस वक्तव्य से चीन की पीड़ा साफ झलक रही है। इस कारण चीन ने इस मुद्दे पर भारत सरकार पर निशाना साधा है। चीन की जो भाषा है वही भाषा लगभग लेफ्ट लिबलर गुट के लोगों की है। इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भारत के हित में बयान दे सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा किया नहीं, कुल मिलाकर देखा जाए तो इस प्रकरण में लेफ्ट लिबरल, कांग्रेस व चीन की एक जैसी प्रतिक्रिया दिख रही है। चीन की प्रतिक्रिया भारत विरोधी होना तो स्वाभविक है लेकिन कांग्रेस व लेफ्ट लिबरलों की प्रतिक्रिया भारत विरोधी क्यों हैं, यह समझ से परे है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 39 : वन क्षेत्र में ताड़का के एकाधिकार को राम- लक्ष्मण ने दी चुनौती

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम पहले ही गुरु के आदेश का पालन करने के लिए अपने पिता से वचनबद्ध थे। राजा दशरथ ने अयोध्या से प्रस्थान के समय उन्हें निर्देश दिया था, 'पुत्र! विश्वामित्र जी की आज्ञा का बिना किसी संदेह के पालन करना। किसी भी स्थिति में उनकी आज्ञा की अवहेलना न करना।'

श्री राम ने अपने धनुष के मध्य भाग को मुट्ठी बांधकर जोर से पकड़ा और उसकी प्रत्यंचा पर तीव्र टंकार दी।एक महाध्वानि हुई। इस वन क्षेत्र में ताड़का का एकाधिकार था।जब ताड़का ने यह ध्वनि सुनी तो वह क्रोध में आ गई।

ताड़का ध्वनि की दिशा में क्रोध से दौड़ पड़ी। अकस्मात वन में एक हलचल सी हुई। बड़े-बड़े वृक्षों को कंपायमान करती हुई थोड़ी ही देर में ताड़का वहां पहुंच गई,जहां गुरु विश्वामित्र और राम-लक्ष्मण खड़े थे।विशाल शरीर की स्वामिनी ताड़का की मुखाकृति भयंकर थी। सामान्य मनुष्य उसे देखते ही सिहर उठता।

अपने सामने शांत,अविचलित खड़े हुए राम और लक्ष्मण को देखकर उसका क्रोध और बढ़ गया।

'कौन हो तुम लोग? तुम लोगों ने मेरे राज्य में आने का दुःसाहस कैसे किया?' ताड़का की तेज कर्कश आवाज गूंजी।

'हमने सुना है कि तुमने इस सुंदर अरण्य को बलपूर्वक अधिकृत कर रखा है। तुम सज्जनों और साधु संतों को अकारण कष्ट देती हो। उनकी हत्या करती हो। तुम्हारी कुचेष्टाओं के कारण यह सुंदरवन शापित हो गया है।अभी भी सुधर जाओ।' राम ने अपनी प्रभावशाली वाणी में ताड़का को चुनौती दी।

'अच्छा! समझ गई। दिखते तो सुकुमार हो, लेकिन तुम लोगों ने अपनी मृत्यु के लिए यह दुर्गम वनक्षेत्र चुना है,जहां ताड़का का शासन है।' ऐसा कहते हुए ताड़का ने भयंकर अट्टहास किया।

लक्ष्मण ने गरजते हुए कहा, 'हमें कमजोर समझने की भूल मत करना ताड़का! हम इस वनक्षेत्र को तुम्हारे शाप से मुक्त करने आए हैं।'

यह सुनकर ताड़का का क्रोध और बढ़ गया। आक्रमण के लिए तैयार होने की चेष्टा करते हुए उसके शरीर में हलचल हुई।शाल के विशाल वृक्ष कंपित हो उठे।यह ज्ञात करना मुश्किल था कि वृक्षों के शीर्ष भाग में उभर रहा ताड़का का मुख ठीक कहां पर है।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों- युगों तक इसकी उपयोगिता है।श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)




## शब्द सामर्थ्य -305

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक304का हल



## सू- दोकू क्र.305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.304का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता

### //हसदेव के पीरा// (कुण्डलिया)

पीरा बढ़गे आज जी, रोवत हाथी मोर।
तड़पत हावै जीव हा, विनती हे कर जोर।।
विनती हे कर जोर, बचालव हमर बसेरा।
झन काटव तुम पेड़, उजाड़व झन ये डेरा।।
हाथी बंदर शेर, हवै जंगल के हीरा।
मनखे करै विनाश, होय तब अब्बड़ पीरा।।
जंगल हा हसदेव के, होवत सत्यानाश।
टँगिया धर के काटथे,पेड़ गिरय जस ताश।।
पेड़ गिरय जस ताश, देख रोवासी आथे।
मचगे हाहाकार, जंतु मन अब थर्राथे।।
मनखे पाप कमाय, करत हे आज अमंगल।
बाढ़त अत्याचार, परत हे सुन्ना जंगल।।
साँसा के गिनती रखौ, हावै ये दिन चार।
बेरा मा उड़ जात हे, नइ पाहू तुम पार।।
नइ पाहू तुम पार, हवा हे जीवन दाता।
पेड़ लगा लौ आज,पुण्य के खोलव खाता।
करहू झन उद्दंड, पलटही तुँहरो पासा।
छूट जाय जब प्राण, फेर ना आवय साँसा।।



प्रिया देवांगन 'प्रियू' राजिम
जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

## सामयिक चर्चा

### सुखमय मृत्यु

जग के आपाधापी मे जो छल है।
निश्चित ही आज नहीं तो कल है।
जीवन का एक ही सत्य अटल है।
टल ना सके कभी इतना सबल है।
एक छोर से दूजे छोर तक बंधा है।
सत्कार्मो से जो सदा अब सधा है।
एक प्रयास जीवन का हलचल है।
टल ना सके कभी इतना सबल है।
भूले क्यों इसको जब जन्म लिये है।
आज नहीं तो कल मृत्यु निश्चय है।
सत्य उतना ही जितना गंगाजल है।
टल ना सके कभी इतना सबल है।
चलो जीने को एक मतलब देते है।
खुद को भी एक नया सबब देते है।
क्योंकि मृत्यु ही सुखमय कल है।
टल ना सके कभी इतना सबल है।
करें स्वागत इसका बांहे फैलाकर
जगत को कुछ अहसास कराकर
सुखमय मृत्यु ही जीवन का हल है।
टल ना सके कभी इतना सबल है।



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छ.ग.

## राशिफल



**मेष**

कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा. नौकरी करने वाली जातक कल अपने दफ्तर में चल रहे षड्यंत्र के लिए थोड़ा सा सावधान रहें, कोई आपका नाम खराब करने की कोशिश कर सकता है. आप बहुत अधिक मेहनत करेंगे, उसके बाद ही आपकी किस्मत चमकेगी. व्यापारी कल किसी बात को लेकर परेशान ना हो।



**वृषभ**

नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो फाइनेंस कंपनियों में काम करने वाले जातकों को कल बहुत अधिक आर्थिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है, आपके दफ्तर में आपकी पद प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी भी हो सकती है. व्यापारियों को कल अचानक से धन लाभ हो सकता है, उन्हें कोई बहुत बड़ा अर्जेंट ऑर्डर प्राप्त हो सकता है.



**मिथुन**

आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो सरकारी नौकरी पाने के इच्छुक जातक कल अपनी नौकरी के लिए प्रयास करते रहे और हर जगह पर अपने फार्म भरते रहे, आपको सफलता अवश्य मिलेगी. कल आप अपने दफ्तर के महत्वपूर्ण कार्य को भी निपटाने की कोशिश करें.



**कर्क**

नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके दफ्तर के कामकाज में सफलता की प्राप्ति हो सकती है. आप अपने बॉस की बातों को हर हाल में प्राथमिकता दें. कल अपने कारोबार में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें. व्यापारिक मामलों में सावधान रहे।



**सिंह**

आज का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें जो कमीशन पर कार्य करते हैं तो, उनके लिए कल का दिन बहुत अच्छा रहेगा, उन्हें बहुत अधिक कमीशन की प्राप्ति हो सकती है, आपके साथ जितने भी लोग कार्य करते हैं, आप उनके लिए प्रेरणा केस्रोत बने रहेंगे.



**कन्या**

नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग अपने कार्य क्षेत्र में परिश्रम कर रहे हैं उन्हें अपने सहयोगियों के साथ में तालमेल बनाकर रखना होगा, तो आपको आसानी से हर सफलता प्राप्त हो सकती है. आप अच्छा व्यवहार करें. उनपर किसी प्रकार का ज्यादा क्रोध न करें. व्यापार अधिक चलाते हैं, उन्हें रूठने ना दें।



**तुला**

कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात कर रहे हैं तो आप अपने दफ्तर के कार्यों में नियमों का पालन करे, बढ़ती हुई गलतियों के कारण आप किसी परेशानी में फंस सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो होटल या रेस्टोरेंट के मालिकों को कल अच्छा मुनाफा मिल सकता है.



**वृश्चिक**

नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने दफ्तर में अपने सहकर्मी के साथ किसी प्रकार की भ्रम न करें. अपने मन की शंकाओं को अपने कार्य से दूर रखें, नहीं तो आपके आपसी रिश्ते कमजोर हो सकते हैं. आप बहुत समय से उसका प्रयास कर रहे हैं, उसके लिए कल का समय अच्छा रहेगा.



**धनु**

आज का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपके ऑफिस में आपको किसी की मदद करनी पड़ जाए तो उसके लिए उसका सहयोग करें, उसे निराश ना करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो विदेशी कंपनियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों को कल अच्छा ऑफर मिल सकता है.



**मकर**

नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो विदेश में नौकरी की इच्छा रखने वाले जातकों की कल इच्छा पूरी हो सकती है, उनको विदेश से कॉल आ सकती है, आप जल्दी ही अपना पासपोर्ट तैयार कराके विदेश में नौकरी ज्वाइन कर सकते हैं. व्यापारियों को कल निवेश करने का अच्छा अवसर प्राप्त हो सकता है।



**कुंभ**

आज का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जातकों को कल आपके दफ्तर में किसी कार्य से बहुत अधिक परेशानी हो सकती है, इसीलिए आप कठिन मेहनत करते रहे. इसके साथ ही अपनी पुरानी गलतियों को सुधारने का भी प्रयास करें।



**मीन**

आज का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में अपने बॉस के साथ में तालमेल बनाकर चलें और जो भी आपने बॉस के साथ मिलकर पुरानी योजनाएं बनाई थी, कल वह सफल होती नजर आ रही है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके व्यापार में सुधार आएगा.

# भर्रीटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित



अंबागढ़ चौकी (दावा)। ब्लॉक के सुदूर अंचल में प्रकृति की गोद में बसा ग्राम पंचायत भर्रीटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत भर्रीटोला के सरपंच भुनेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश सिंगी, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष शत्रुघन चुरेंद्र, जिला संयोजक व कौड़ीकसा के सरपंच योगेंद्र कोडापे, भर्रीटोला उपसरपंच नरेंद्र पुरसिया, सचिव महेश मार्कण्डेय, पंचगण राजेश कुमार, माखन लाल, च्यवन गढ़िया, अलख राम, राजकुमारी ओडार, तमेश्वरी गढ़िया, गंगोत्री बाई, शिवरात्रि चौधरी, ललती बाई, केमीन बाई, शिवाराम धुर्वे, चतुर सिंह कोलियारे, अंजनी बाई, सविता नेताम, कौड़ीकसा मंडल महामंत्री झनक सोनवानी आदि उपस्थित रहे। शिविर यात्रा में डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियम्वदा रामटेके, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आर चंद्रवंशी, सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बी एल खरे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर आर धुर्वे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के धीवर, महिला एवं बाल विकास विभाग प्रमुख श्रीमती सोनी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने ग्रामवासियों को दिलाया विकसित भारत बनाने का संकल्प**

इस शिविर का आयोजन ग्रामवासियों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही स्टॉल के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए किया गया। जिसमें आधार सेवा केंद्र, गैस सिलेंडर सेवा केंद्र, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, मत्स्य विभाग, जनपद पंचायत विभाग आदि विभागों ने अपने स्टॉल लगाए थे। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने अपने वक्तव्य में शासन की सभी योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी जीवनी को ग्रामवासियों के बीच रखा। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश ही नहीं वरन सभी भारतवासियों की मां है, इस देश के हर बेटों की एक नहीं तीन माताएं हैं, पहली जन्म देने वाली, दूसरी धरती मां और तीसरी मातृभाषा। सभी को एक दूसरे का सम्मान करना विवेकानंद जी से सीखना चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति मनमोहक रही। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को समर्पित वर्ष 2024 के लिए एक कैलेंडर, भारत सरकार की योजनाओं को समर्पित पत्रिका और पुस्तिका का विमोचन सभी अतिथिजनों के हाथों किया गया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने ग्रामवासियों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। ओ डी एफ प्लस की स्थिति में पहुंचने पर ग्राम पंचायत भर्रीटोला को शासन की ओर से अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। जिसे सरपंच भूनेश चंद्रवंशी और सचिव महेश मार्कण्डेय को प्रदान किया गया।

ग्राम की महिला स्व सहायता समूह द्वारा जल जंगल जमीन कोई बचाने के प्रयास में नाटक का मंचन किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, कृषि विभाग, पोषण अभियान, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि से लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव मंच के माध्यम से साझा किया। पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग से विभिन्न कार्यक्रम के नोडल मनोज कुमार चंद्रवंशी ने प्रभावी ढंग से निभाई। सभी ग्रामवासियों ने कार्यक्रम का भरपूर लाभ लिया। कृषि विभाग द्वारा खादों के छिड़काव हेतु ड्रोन की प्रदर्शनी भी की गई। भविष्य में योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लेने की अपील करते हुए इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन झनक सोनवानी ने किया और समापन सरपंच भुनेश चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

# 31 वें अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे



कलकसा/डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी 6 फरवरी को प्रज्ञागिरी पहाड़ी में पञ्ञा मेत्ता संघ द्वारा 31वां अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन भारतीय बौद्धों के 'धम्मदूत पूज्य भदन्त संघरत्न मानके' राष्ट्रीय अध्यक्ष पञ्ञा मेत्ता संघ नागपुर भारत के मार्गदर्शन किया जा रहा है। पूज्य भदन्त संघरत्न मानके के नेतृत्व में जापान, थाइलैंड, श्रीलंका व भारत के विद्वान बौद्ध भिक्खु उपस्थित होंगे, इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विधायक राजनांदगांव शामिल होंगे।

पञ्ञा मेत्ता संघ शाखा डोंगरगढ़ के कार्याध्यक्ष डॉ. मनोज गजभिये ने कहा कि मुख्यमंत्री को आमंत्रित करने हेतु बातचीत हो रही है। भेंट मुलाकात में पञ्ञा मेत्ता संघ के प्रतिनिधि के रूप में भदन्त धम्मतप, डॉ. मनोज गजभिये, रजत गजभिये, राहुल जनबंधु, नीलकमल टेंम्भुरकर, प्रदीप गजभिये, पियुष गणवीर आदि शामिल थे।

# पहला कॉलम...

## सोमवार को डोंगरगांव व कुमर्दा में हुआ जनदर्शन




डोंगरगांव (दावा)। आमजनों की सुविधा को ध्यान रखते हुए अब शासन-प्रशासन की ओर से प्रति सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें अधिकारीगण कार्यालय प्रांगण में सामान्यजनों से सीधे मुलाकात करेंगें और उनकी शिकायतें व आवेदनों का निराकरण करेंगें। 15 जनवरी सोमवार को एसडीएम कार्यालय डोंगरगांव में अनुविभागीय दण्डाधिकारी ए.के.पुसाम, तहसील कार्यालय डोंगरगांव में नायब तहसीलदार जगदेव प्रसाद खुंटे व कुमर्दा तहसील में वसीम सिद्दीकी ने दिनभर अपनी उपस्थिति देकर आमजनों के लिए समय दिया, हॉलाकि प्रचार-प्रसार के अभाव में इस जनदर्शन के दौरान मात्र दो आवेदन ही प्राप्त हुए जिसमें 1 का निराकरण तुरंत कर दिया गया जबकि 1 लंबित है.

## आसरा में अक्षत कलश शोभायात्रा में उमड़ी भीड़



डोंगरगांव(दावा)। अयोध्या में भगवान रामलला की स्थापना को लेकर गांव-गांव में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली जा रही है, इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम आसरा में 15 जनवरी को शोभायात्रा राम मंदिर से निकाली गई, जिसमें गांव के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ व बच्चे भी शामिल हुए। हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से निकली गई इस शोभायात्रा में पूरा गांव भक्ति में डूबा नजर आया, इस शोभायात्रा के दौरान गांव के कुछ गणमान्य नागरिक जिसमें सतानंद दुबे, परमा साहू, दयाल साहू, पुरषोत्तम विश्वकर्मा, अमन साहू उपस्थित रहे।

## बोगी जलाकर पोंगल पर्व मनाया गया, प्रदेश वासियों के खुशहाली के लिए की गई कामना



डोंगरगढ़ (दावा)। आंध्र समाज कल्याण संगठन डोंगरगढ़ के अध्यक्ष संतोष राव से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आंध्र समाज राम मंदिर में अपने सामाजिक परंपरा संस्कृति अनुसार बोगी जलाकर समाज के सभी जनों का सकुशलता एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पोंगल एवं मकर संक्रांति की समाज के सभी सम्मानित जन व नगर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण गोविंद राव, शंकर राव, सूर्य राव, श्रीनिवास राव, गोपाल कृष्ण राव, सुनील राव, गंगा राव, रामू राव, दुर्गा प्रसाद राव, सत्यानंद राव, भानु साई, किरण साई, पंडित अनिल शर्मा आदि जन उपस्थित रहे।

## घुमका मंडई 19 जनवरी को

घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका में मंडई मेला का आयोजन 19 जनवरी शुक्रवार को किया गया है। सरपंच प्रतिनिधि जयकुमार वर्मा ने बताया कि इसी दिन रात्रि 10 बजे से ग्राम काँचरी खैरागढ़ के संगीतमयी कार्यक्रम 'मया के डोरी' का भी आयोजन ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समस्त ग्रामवासियो से की है।

## नागलदाह मंडई 17 जनवरी को

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम नागलदाह (सिंगारपुर) में 17 जनवरी को मंडी रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए गंवईहा लोक नाट्य संस्था मोंहदी(जालबांधा) वालों का प्रोग्राम रखा गया है। इसकी जानकारी बाजार ठेकेदार आशीष सिंह नादम द्वारा बताया गया ।

# भगवान श्री राम हम सब के आराध्य है - कैलाश शर्मा



छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हे में दो दिवसीय मानस गायन प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाजपा नेता कैलाश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने यहां रामकथा के रस का आनंद लेने के बाद कहा कि, श्रीराम हम सब के आराध्य है। मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन और महाकाव्य से प्रेरणा लेकर एक सफल जीवन जिया जा सकता है।

मानस गायन प्रतियोगिता में मानस गायन परिवार व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। दूर-दराज की मंडलियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दी। दो दिनों तक श्रीराम कथा के सुमधुर गायन से लोग लाभान्वित होते रहे।

समापन समारोह में मुख्यअतिथि कैलाश शर्मा इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मानस गायन, रामायण सम्मलेन प्रतियोगिता की बड़ी महत्वता है। धार्मिक आयोजन के सहारे हम समाज में सकारात्मक विचारों के प्रसार होता हैं। कलाकारों की मेहनत ऐसे आयोजनों को और भी विशेष बना देती है। आयोजकों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए ताकि ऐसे कार्यक्रम होते रहे और धर्म की ज्योत की कीर्ति फैलती रहे।

साल्हे के रामचरित मानस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, मण्डल मिडिया प्रभारी दिलेश्वर मानिकपुरी, सरपंच संत्री बाई, सरपंच प्रतिनिधि सुरजु पटेल, ग्राम पटेल उमराव कंवर, धनसाय नायक, कमलनारायण सिन्हा, सुदर्शन निर्मलकर, समिति के सदस्य अमित नायक, सुसील साहू, होरी लाल साहू, गजेंद्र साहू, विनोद कंवर, बीरेंद्र यादव, इनु कंवर, प्रज्ञानरेश साहू, शिव मारकंडे, कपिल साहू, मोहित सिन्हा, उदेश कंवर, गोपी मेश्राम, मुकेश निर्मलकर, टालेशवर देवांगन, ओमकार देवांगन, यशपाल देवांगन आदि उपस्थिति थे।

# शहर विकास व पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने जनसंपर्क में निकली विधायक



डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी देवी के दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों की बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने एवं शहर विकास की दिशा तलाशने डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा कांग्रेसजनों के साथ शहर भ्रमण किया गया। श्रीमती बघेल शहर विकास एवं दर्शनार्थियों की बुनियादी सुविधाओं को एक कदम आगे बढ़ाने मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के साथ माँ बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम मंदिर हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना। मन्दिर चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने विस्तार से चर्चा कर दर्शनार्थियों व स्थानीय निवासियों को हर सम्भव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हॉस्पिटल का विस्तार करने अपनी ओर से हर सम्भव प्रयास का आश्वासन दिया। मंदिर परिसर के आसपास की भूमि का निरीक्षण कर दर्शनार्थियों एवं शहर वासियों को अन्य सुख सुविधा लाभ पहुंचाने के लिए एक विकास मैप तैयार करने की योजना की तैयारी में विधायक द्वारा की जा रही है। उन्होंने तपसी तालाब का मुआयना कर तालाब के सौंदर्यकरण की योजना तैयार करने की मंशा जाहिर की। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टाणी, हरीश भण्डारी, रामजी तराने सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वर्ण जयंती फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 राजनांदगांव फ्रैंक ब्रदर्स विजेता



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम लक्ष्मी नगर घुघुवा साल्हे में आयोजित स्वर्ण जयंती फुटबॉल प्रतियोगिता में फ्रैंक ब्रदर्स राजनांदगांव ने ईमानवेल क्लब उकवा माइंस को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया, इस फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवे दिवस के पहले सेमीफाइनल में एनटीसी लक्ष्मीनगर एवं फ्रैंक ब्रदर्स राजनांदगांव के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमे फ्रैंक ब्रदर्स राजनादगांव 4-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच उकवा माइंस एवं पुलिस लाइन राजनादगांव के बीच खेला गया, जिसमें उकुआ माइंस ने 2-0 से जीत अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया।

**लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में 50 वर्षों हो रहा है आयोजन**

फाइनल मैच उकवा माइंस एवं फ्रैंक ब्रदर्स राजनादगांव में बीच खेला गया, जिसमें मुकाबला काफी रोमांच भरा रहा मैच के प्रारंभिक समय में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कई आक्रमण किए लेकिन विफल रहे। मैच के 21वें मिनट में राजनादगांव फ्रैंक ब्रदर्स के 5 नंबर के जर्सी पहने प्रवेश कनोरिया ने गोल दागते हुए फ्रैंक ब्रदर्स राजनांदगांव को 1-0 से बढ़त दिलाई और उसके बाद में विपक्षी टीमों ने राजनादगांव के गोल पोस्ट पर कई आक्रमण किए लेकिन राजनादगांव के मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहे और अंततः राजनांदगांव ने 1-0 से मैच जीत कर खिताब पर कब्जा कर लिया, इस दौरान लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे के मैदान में बड़ी संख्या में जन समूह ने खेल का आनंद लिया, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों की उपस्थिति भी रही।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ने बताया कि यह आयोजन का 50 वां साल स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया गया। स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजक समिति न्यू टाइगर क्लब द्वारा विशेष रूप से तैयारी की गई थी, इस दौरान जिले के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। वहीं छोटे से ग्राम में विगत 50 वर्षों से इस आयोजन को लगातार आयोजनकर्ताओं का भी सम्मान किया गया।

इस ग्राम के मैदान में ग्रामीण स्तर से लेकर राज्य स्तर तक फुटबॉल मैच में पूरे देश के अनेक खिलाडियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया है, फाइनल मैच में अतिथियों के रूप में डॉ. रुबीना अंजुम अल्वी सदस्य छग शासन, जिपं सदस्य इंदुमति, जनपद सदस्य नरबदबाई, आरती श्रीवास्तव, चिंतामणि सिन्हा सरपंच कोनारी, नरेश साहू, मंजू साहू, किरण साहू, गिरजाशंकर शामिल हुए, जिनके करकमलों से पुरुस्कार वितरण किया गया।

# वार्षिक पदक वितरण समारोह आयोजित



छुरिया (दावा)। इंद्रप्रस्थ स्टेडियम छुरिया में शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिक पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष पांडे सांसद लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव, कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव थी। विशिष्ट अतिथि किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत, चंद्रिका प्रसाद डडसेना उपाध्यक्ष, रविंद्र वैष्णव महामंत्री, डॉ. सुषमा चौरे प्राचार्य, संरक्षक सुश्री प्रीति बाला ठाकुर छात्र संघ प्रभारी, सुरेंद्र सिंह भाटिया, संजय सिन्हा, शेखर भारद्वाज, नीरज यादव, सोहन साहू, राधेश्याम शर्मा, आत्माराम चंद्रवंशी, नैन सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर किया गया। उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर बैच, शाल से स्वागत सम्मान किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर अतिथियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

# आरगांव में हुआ विहिप बजरंग दल ग्राम कार्यकारिणी का गठन



राजनांदगांव(दावा)। एक ओर जहां श्री रामजी जन्मभूमि की तैयारियां जोरो पर है, वहीं विहिप-बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनने एवं युवा पीढ़ी में सेवा सुरक्षा संस्कार का संस्कार जगाने के उद्देश्य से बजरंग दल के पदाधिकारी गांव-गांव तक पहुंच समिति निर्माण कर रहे है, जिसमें तुमड़ीबोड़ के ग्राम आरगांव में विहिप-बजरंग दल ने अपनी ग्राम समिति घोषित की।

विहीप खंड अध्यक्ष के रूप में साहस राम साहू, उपाध्यक्ष परदेश निषाद, मंत्री गोपी साहू, सह मंत्री भरत राम साहू चुने गए। बजरंग दल खंड सयोजक के रूप में कमल साहू, सहसंयोजक गोपाल निषाद एवं डोगेश साहू, गौ सेवा प्रमुख मेघनाथ साहू, सह प्रमुख अंकुश साहू, बालोपासना प्रमूख झितेंद्र गंधर्व, विद्यार्थी प्रमुख फलेस साहू, साप्ताहिक मिलन प्रमुख खुमान दास चुने गए।

उक्त स्थान पर विहिप पधाधिकारी प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, प्रांत गौ रक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप श्रीवास, विहिप संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह सहित बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, विहिप नगर मंत्री बाबाजी मेश्राम, नवीन अग्रवाल उपसस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ संपन्न



मोहला (दावा)। कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय पेंदाकोड़ो, मोहला में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह, कमल कपूर बंजारे एवं जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एव पुस्तक मेला का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रारम्भिक तथा माध्यमिक स्तर के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम संचालित किया जाता है।

इसी क्रम में यह प्रदर्शनी/ मेला पेंदाकोड़ो, मोहला में आयोजित हुई। जिसमें मोहला, मानपुर, एवं अं.चौकी विकासखंड के कुल 41 प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 242 बच्चों ने भाग लिया। आयोजन में मोहला- मानपुर- -अंबागढ़ चौकी के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे और जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव से एम. आर.अंसारी, पी.आर. झाड़े एपीसी ने विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेला का अनुश्रवण और अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान प्राचार्य आर.डी कोसरिया, मोहल्ला के बीआरसी खोमलाल वर्मा मानपुर के बीआरसी सुश्री जाहिदा खान, पीटीआई व्ही के टेम्भूरकर शिक्षक गण, बीपी लाडेश्वर, चैताली यादव, ओमवती राठौर सुश्री बिना मंडावी, राजेंद्र कुमार ठाकुर, गुलाब कुमार सिन्हा,भारत भूषण सोनी, सुरेखा पदमाकर लीलाधर देवांगन, डीडी साहू, बसंत नेताम, मनोज कुमार चंद्रवंशी राजकुमार यादव, किशोर कुमार नरेंद्र मानिकपुरी, चेतन दास सार्वा, नरेंद्र कुमार देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# लक्षद्वीप-सहज, प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम तटीय प्रदेश - द्विवेदी




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभागा द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में भारतीय गणतंत्र के सबसे छोटे केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप पर संदर्भ व्याख्यान आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को बताया कि विशुद्ध प्राकृतिक पर्यटन की असीम संभावनाओं से युक्त अनुपम छटाओं वाला लक्षद्वीप वास्तव में एक द्वीप समूह है, यहाँ का प्रमुख राजधानी नगर कावारत्ती, मुख्य भाषा मलयालम तथा यहाँ के निवासियों की साक्षरता 92 प्रतिशत से अधिक है।

लक्षद्वीप बारह एटॉल, तीन प्रवाल भित्तियाँ और 5 जल प्लावित तट हैं। 32 वर्ग किलोमीटर फैला लक्ष्यद्वीप समूह में छोटे-छोटे 36 द्वीप है जिसमें केवल 10 द्वीपों में ही मानव बस्तियाँ है। केरल के तटीय नगर कोचीन से 200 से 400 किमी. की दूरी पर स्थित लक्षद्वीप का भू-तल बहुत कम है। परंतु इसका लैगून समुद्र तटीय क्षेत्र 4200 वर्ग किलोमीटर जिसमें 20 हजार वर्ग किलोमीटर फैला प्रादेशिक समुद्र आता है तथा 7 लाख वर्ग किलोमीटर आर्थिक प्रदेश भी संलग्न है।

इस दृष्टि से देश का यह सबसे बड़ा तटीय प्रदेश वाला द्वीप समूह है। आगे विशेष रूप से डॉ. द्विवेदी ने व्याख्यान में स्पष्ट किया कि यहाँ फैली वानस्पितिक श्रृंखला में नारियल, केला, कोलो-कोसिया, चोल, जैक-फ्रूट, जंगली बादाम के साथ-साथ बहुतायात में समुद्री घांसे-थैलेसिया, हेम्प्रचिन, साईमोडोसिया, आइसो टिकोलिया, फैली है। इसके अलावा पपीता, अमरूद, चीकू एवं रसदार फलों तथा ड्रमस्टिक पेड़-पौधे द्वीप समूह को और अधिक प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध करते हैं। साथ ही यहाँ के सागरीय पशु-पक्षियों की गहन उपस्थिति इसे एक जीव-जंतु विहार का सहज-सलिल सुंदर स्वरूप भी प्रदान करती है। वस्तुतः लक्षद्वीप ठेठ प्राकृतिक सौंदर्य का प्रादर्श पर्यटन स्थल है जिसे थोड़े से सुधार एवं परिवहन सुविधाओं के विस्तार द्वारा देशी-विदेशी पर्यटन के मुख्य केन्द्र के रूप में सुस्थापित किया जा सकता है। आइये 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' जैसी सर्वदा से प्रसिद्ध उक्ति को स्वीकारें तथा देश-प्रदेश में इसी तरह फैले सुंदर-अतिसुंदर प्राकृतिक प्रदेशों को जाने-पहचानें और उनकी सैर करें।

# छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित ऑनलाइन युवा प्रतिभा खोज परीक्षा में 735 विद्यार्थी हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। छात्र युवा मंच प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने बताया कि युवा प्रतिभाखोज परीक्षा प्रतिवर्ष लिया जाता है युवा प्रतिभाखोज परीक्षा का यह 10वां वर्ष हैं एवं खास बात यह है कि पहली बार हम ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा ले रहे हैं परीक्षा में 9:45 को उपस्थित होना था 10 बजे विद्यार्थियों को एक लिंक दिया गया जिसमें विद्यार्थियों का सामान्य जानकारी भरना था। नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति पता व स्कूल का नाम उसके पश्चात 10:30 बजे उनके एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर एक लिंक दिया गया, जिसमें 50 अंक के 50 प्रश्न थे। 50 प्रश्न हल करने के पश्चात उनको सबमिट करना है जैसे ही विद्यार्थी 50 प्रश्न हल कर सबमिट करेंगे उनको उनका स्वयं का परीक्षा परिणाम प्राप्त हो जाएगा। इसके पश्चात जो बच्चे टॉप टेन में आएँगे उनको 2 फरवरी को प्रमाण पत्र, मोमेन्टों व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान जंघेल के नेतृत्व में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में 735 विद्यार्थियों ने अपना ऑनलाइन परीक्षा दिया।

छात्र युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान जंघेल ने बताया कि राजनांदगांव जिले के साथ-साथ खैरागढ़, छुईखदान, मोहला मानपुर, व बालोद के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए 50 अंक का ऑनलाइन परीक्षा दिया, जिमसें 50 प्रश्न पूछे गए थे। जिलाधीश बनने के लिए क्या पढ़ाई करना चाहिए, आईपीएस अधिकारी बनने के लिए क्या पढ़ना चाहिए, जिला शिक्षा अधिकारी बनने के लिए क्या पढ़ाई करना चाहिए, डॉ. बनने के लिए क्या पढ़ाई करना चाहिए ऐसे विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिससे विद्यार्थियों का विवेक बढ़े।

प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा लेने का उद्देश्य यह है कि आज लगभग सभी घरों में एक एंड्राइड मोबाइल फोन जरूर है पर मोबाईल होने के बाद भी विद्यार्थियों में चहुमुखी उन्नति नहीं हो पा रहे हैं आज अधिकतम लोग मोबाइल का दुरुपयोग कर रहे जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप के माध्यम से गलत देखकर, गलत सीख रहे हैं जिससे उसका समय बर्बाद हो रहा है, साथ ही साथ मानसिक रूप से भी परेशान हो रहे हैं। इस ऑनलाइन युवा प्रतिभा खोज के माध्यम से हम यह बताना चाहते हैं कि ऑनलाइन यूट्यूब से पढ़ाई कर, गूगल से सिलेबस निकालकर हम अपनी पढ़ाई अच्छे से अच्छे घर बैठे ही कर सकते हैं और ऑनलाइन परीक्षा का अपना महत्व है बड़े से बड़े परीक्षा आज ऑनलाइन माध्यम से ही हो रहा है लोगों के प्रति जागरूकता लाने हेतु ऑनलाइन युवा प्रतिभा खोज परीक्षा लिया गया जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास हो सकें।

परीक्षा प्रभारी व प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने बताया कि संगठन द्वारा हमेशा अलग अलग विषयों में युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी किया गया है परीक्षा का विषय 10वीं और 12 वीं के बाद किस विषय का चयन करके आगे पढ़ाई करें व रोजगारोन्मुखी प्रश्न थे। आज विद्यार्थी पढ़ना तो चाहता हैं परन्तु उसे सही दिशा निर्देश नहीं मिला पता फिर वहां इस विषय को लेकर पढ़ना चाहते व नहीं पढ़ पाते यहां परेशानी 10वीं पास विद्यार्थियों में ज्यादा देखने को मिलता है वहां चयन नहीं कर पाते हैं कि हम किस विषय को लेकर पढ़ने से हमारा कैरियर बनेगा कि नहीं आज का युवा प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा का उद्देश्य यही था कि सभी विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस के लिए जागरूक करें साथ ही साथ आज अधिकांश चीजें टेक्नोलॉजी के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है कुछ प्रतियोगिता परीक्षा ऑनलाइन भी आयोजित किया जा रहा है विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए संगठन द्वारा युवा प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसमें मुझे परीक्षा प्रभारी की जिम्मेदारी दिया गया था। इस दौरान तथागत संस्थापक समीर गजभिये, छात्र युवा मंच प्रदेश संयोजक नागेश यदु, छात्र युवा मंच मार्गदर्शक प्रियंक सोनी, मार्गदर्शन भईया प्रशांत गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान जंघेल, प्रदेश प्रमुख लोकेश बारपात्रे, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, मनीष साहू, लोभेष यदु, कृष्णकांत साहू, दुष्यंत कौशिक, भीमराज वर्मा, परीक्षा प्रभारी व प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख भाई प्रवीण मारकंडे, हेमा साहू, पायल साहू, आकांक्षी पाटिल, रिभा यादव, वंदना साहू, निखिल भाई, रूपेश मानिकपुरी, वतन यदु एवं अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय राजनांदगांव में प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग ने विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस अतिथि व्याख्यान में मुख्यवक्ता के रूप में ओम महोबिया सहायक प्राध्यापक, शासकीय शहिद वैंकटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीजापुर से उपस्थित थे। उन्होंने अपने इस व्याख्यान के दौरान 'एस.एम.ए.सी.(सामाजिक संचार, मोबाइल, एनालिटिक्स एवं क्लाउड)' पर चर्चा की। उन्होंने बताया की एस.एम.ए.सी शब्द आईटी के उपभोक्ताकरण के प्रभाव का वर्णन करने के लिए 2011 या 2012 में गढ़ा गया था।



एंटरप्राइज कंप्यूटिंग में एक-से-एक संचार और साफ्टवेयर और हार्डवेयर शामिल थे जो परिसर में रहते थे। मोबाइल उपकरणों की शुरूआत और क्लाउड कंप्यूटिंग पर बढ़ती निर्भरता ने पारंपरिक कंप्यूटिंग मॉडल को उलट दिया। डिजिटल परिवर्तन चाहने वाले कई व्यवसायों के लिए एस.एम.ए.सी पहेली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, एस.एम.ए.सी ने एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जहां व्यवसाय डिजिटल दुनिया में परिवर्तन करते हुए व्यवसाय संचालन में सुधार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अपनी प्रस्तुती में एस.एम.ए.सी छत्र के अंतर्गत चार प्रौद्योगिकियों को इस प्रकार परिभाषित किया।

सामाजिक- इसमें व्यवसाय की सोशल मीडिया उपस्थिति शामिल है, जिसमें फेसबुक, ट्विटर, स्नैपचैट और अन्य प्लेटफार्मों के साथ इंटरफेस और शेड्यूल शामिल हैं।

मोबाइल- उन सभी स्मार्ट तकनीकों के लिए व्यापक नाम के रूप में कार्य करता है जो इंटरनेट तक पहुंचती हैं और फोन, टैबलेट और घड़ी सहित हाथ से पकड़ी जाती हैं।

एनालिटिक्स- बड़ी मात्रा में जानकारी से परिणाम और फीडबैक तैयार करता है। बड़े डेटा की हमारी दुनिया में, एनालिटिक्स ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए डेटा या सामाजिक आंकड़ों का विश्लेषण करके जानकारी के दायरे को समझने में मदद करता है।

क्लाउड- एक इंटरनेट प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। इस बिंदु पर, हम सभी क्लाउड से परिचित हैं, लेकिन परिभाषा के लिए, क्लाउड एक दर्शन है जो इंटरनेट को सूचना के स्रोत से अधिक बल्कि एक ऐसे मंच के रूप में देखता है जिसके साथ तेजी से डिजिटल ऐप्स और वेबसाइटें बनाई जा सकती हैं।

साथ ही इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने भी विद्यार्थियों को एसएमएसी या सोशल, मोबिलिटी, एनालिटिक्स और क्लाउड, चार प्रौद्योगिकियां का प्रयोग करके वर्तमान में व्यावसायिक नवाचार को बढ़ावा देने और ग्राहकों के अनुभवों को सरल बनाने और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए क्लाउड प्रौद्योगिकियों और बिग डेटा द्वारा संचालित सामाजिक इंटरैक्शन, मोबाइल और एनालिटिक्स का उपयोग करने का प्रेरणा प्रदान की इस अतिथि व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# गुरूनानक स्कूल में राष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह आयोजित

**राजनांदगाँव (दावा)। राष्ट्रीय युवा दिवस सम्मान समारोह आयोजन समिति राजनांदगांव द्वारा गुरूनानक स्कूल में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के आतिथ्य में युवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के पूर्व शहर के विवेकानंद मार्ग कमला कॉलेज के समीप स्थित स्वामी विवकानंद के विशालकाय प्रतिमा पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक शाला के सभा गृह में बच्चों के मध्य गारिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।**




बच्चों को समर्पणभाव से राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिये -हेमा देशमुख

मुख्य अतिथि की आसंदी से महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने आयोजन समिति व बच्चों को स्वामी विवेकानंद जंयती की बधाई व शुभकानाएं देते हुये कहा कि स्वामी विवेकानंद जी हमारे आदर्श है और सदैव उनकी विचार हमारे बीच विद्यमान रहेंगे, बच्चें देश के भविष्य है और उन्हें राष्ट्र प्रेम की शिक्षा स्कूल में प्रांरभ से दी जानी चाहिये। क्योकि बच्चें अच्छे नागारिक बनकर देश के विकास व उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में राष्ट्र प्रेम से संबंधित पाठ्य होनी चाहिये। बच्चों को स्वामी विवेकानंद की जीवनी अवश्य ही पढनी चाहिए और बच्चों को समर्पणभाव से राष्ट्र सेवा में आगे आनी चाहिए।

आयोजन समिति के अध्यक्ष अमलेन्दु हाजरा द्वारा विद्यालय स्तर पर आयोजन किये जाने के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए महापौर के कार्यो की सराहाना करते की और कहा कि शहर में विशालकाय स्वामी जी की मूर्ति स्थापित करने व कमला कालेज रोड का स्वामी विवेकानंद के नाम पर मार्ग का नामकरण करना महापौर का स्वामी जी के प्रतिनिष्ठा व कार्यो के लिए समर्पण को बताया है जिसके लिये उन्हे धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि स्वामी जी दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र व शास्त्रीय संगीत के अच्छे ज्ञाता थे, उन्होंने अपने गुरू रामकृष्ण परमहंस की आरती को स्वबद्ध किया था, जो आज भी गुरू जी के आरती के समय गाया जाता है। स्वामी जी सदैव नारी सम्मान को महत्व देते थे, वर्तमान समय में नारी सम्मान व राष्ट्र भक्ति हमारा प्रथम उद्देश्य होना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर के.के. द्विवेदी ने उदबोधन में कहा कि स्वामी जी के गुरू रामकृष्ण परमहंस थे, बच्चों को अपने गुरू को नहीं भुलना चाहिये, स्वामी जी की फोटो अपने अध्ययन कक्ष में अवश्य रखनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रचार्य योगेश द्विवेदी तथा श्रीमती जसमित कौर ने भी बच्चों को विवेकानंद जयंती की शुभकामना देते हुये उनके आदर्शो पर चलने कही।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद देवेन्द्र मोहन देबू श्रीवास्तव, पूर्व नामांकित पार्षद प्रभात गुप्ता सहित हरजीत भाटिया, कचरू प्रसाद शर्मा, हाजी के.बी. कुरैशी, राजकुमार शर्मा, सुनील श्रीवास्तव निलिख मांगवानी, के.के. सोनी एवं कायस्त समाज व शहर के गणमान्य नागारिकों की उपस्थिति में महापौर द्वारा बच्चों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया और तत्कालित प्रश्न उत्तर भी किये गये जिसमें अतिथियों द्वारा बच्चों का सामान्य ज्ञान अच्छा होने से उनकी सराहना करते हुये बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमलेन्दु हाजरा द्वार किया गया। कार्यक्रम में गुरूनानक स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का सफल आयोजन



**डोंगरगढ़ (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का सफल आयोजन ग्राम पंचायत मूंगलानी में संपन्न हुआ।**

आयोजन में मुख्य रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा, राजनांदगाव जिला सहकारिता के पूर्व जिला अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, गिरवर साहू, राजेंद्र तिवारी, वेदराम ताम्रकार, घनश्याम वैष्णव, चेतन साहू, रामाधार ओझा, हनुमान दास साहू, देवेन्द्र यादव, सरपंच गायत्रे, याददास साहू, ग्राम पटेल जितराम यदु, खेदूराम ठाकुर, कलिराम चंद्रवंशी, श्रीमति देवकी सिन्हा, आई गुप्ता सर के साथ सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे साथ में पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों का सहयोग मिला जिससे आयोजन को सफल रुप से संपन्न हुआ।

श्री वर्मा ने समस्त ग्रामवासियों को मोदी जी की कार्य योजनाओं को सारगर्भित से समझाया और सभी विभाग से आए अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित कर हर एक का कार्य को ध्यान देकर करने की अनुमति दी।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर शुरु

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह नवम्बर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 दिसम्बर से 17 जनवरी तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 15 जनवरी को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 29 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में व कैलाश वार्ड नं. 25 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में, 16 जनवरी को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठी नगर वार्ड नं. 36 के लिये मंगल भवन दुर्गा चौक लखोली में तथा 17 जनवरी को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में व कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है।

# अवैध शराब बिक्री पर घुमका पुलिस ने दो केस दर्ज किये





**राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वालो पर कार्रवाई कर उनके पास से अवैध शराब व बिक्री की रकम जब्त की है। इसमें एक महिला भी शामिल हैं।**

घुमका से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के द्वारा 13 जनवरी को मुखबिर सूचना पर ग्राम छोटे बिरेझर निवासी आरोपी भाव सिंह ठाकुर के द्वारा अपने घर के बाड़ी से हाथ भट्टी से बना महुआ शराब बिक्री करते हुए पाया गया। इस पर आरोपी के कब्जे से कुल 4 लीटर महुआ शराब कीमती 600 रूपये बिक्री रकम 300 रूपये नगदी जप्त किया गया।

इसी प्रकार इसी दिन 13 जनवरी को ही ग्राम छोटे बिरेझार निवासी एक महिला के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पाए जाने से उसके कब्जे से हाथ भट्टी से बना महुआ शराब 4.5 लीटर कीमती 675 रूपये व बिक्री रकम 150 रूपये जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना घुमका में क्रमशः धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर विधिवत कार्यवाही की गई।

## पेज 1 का शेष...

***पीएम-जनमन का उद्देश्य हर ...***

नियमों में बदलाव किया गया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जनजाति से जुड़ी योजनाओं का बजट 5 गुना बढ़ा दिया है। आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए पहले मिलने वाली छात्रवृत्ति का कुल बजट अब ढाई गुना से ज्यादा बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 10 साल पहले तक देश में आदिवासी बच्चों के लिए केवल 90 एकलव्य मॉडल स्कूल बनाए गए थे, जबकि वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 500 से अधिक नए एकलव्य मॉडल स्कूल बनाने पर काम शुरू किया है। उन्होंने आदिवासी छात्रों के उच्च शिक्षा हासिल करने और बड़ी कंपनियों के लिए काम करने पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, इसके लिए आदिवासी क्षेत्रों में कक्षाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और उच्च शिक्षा के केंद्र बढ़ाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे आदिवासी भाई-बहन भले ही दूर-दराज के इलाकों में रहते हों, लेकिन उनमें अद्भुत दूरदर्शिता है। आज आदिवासी समाज यह देख और समझ रहा है कि हमारी सरकार आदिवासी संस्कृति और उनके सम्मान के लिए कैसे काम कर रही है।÷ उन्होंने आदिवासी समुदाय को उनके सम्मान और सुख-सुविधा के लिए लगातार काम करने का आश्वासन दिया।

***कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे....***

तो राउत ने कहा कि किसी न किसी मोड़ पर यात्रा में सभी शामिल होंगे। अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होने के लिए अभी तक शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के किसी भी नेता को न्योता नहीं मिला है। शिवसेना (यूबीटी) ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन नासिक के कालाराम मंदिर जाने और गोदावरी के तट महा आरती का कार्यक्रम रखा है। पार्टी अगले दिन 23 जनवरी को बाल ठाकरे के जन्मदिन पर नासिक में एक बड़ी रैली करेगी।

***मोदी सरकार के नौ साल में 25 करोड़....***

12 सतत लक्ष्यों पर आधारित है राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा- नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।

***लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस...***

सुनील कानूगोलू की टीम कर रही सर्वे- प्रत्याशी चयन के लिए एक सर्वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सुनील कानूगोलू की टीम से करा रही है। इसके अतिरिक्त पार्टी ने 29 लोकसभा क्षेत्र के लिए समन्वयक नियुक्त किए हैं। ये संबंधित क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत के अध्यक्ष समेत मोर्चा-संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा करके दावेदारों में से एक नाम पर सहमति बनाने का प्रयास करेंगे। वहीं, लोकसभा प्रभारी भी अपने स्तर पर सर्वे करके नाम प्रस्तावित करेंगे। इन सर्वे में नाम आने पर ही टिकट के लिए विचार होगा। सूत्रों का कहना है कि जितेंद्र सिंह ने दो-तीन नाम प्रस्तावित करने के स्थान पर प्रत्येक सीट के लिए एक-एक नाम देने के लिए कहा है, ताकि टिकट को लेकर खींचतान की संभावना ही न रहे।

***जेल में बंद महिला अधिकारियों ...***

के एक बड़े नेता का नाम है जिसकी गिरफ्तारी अभी होनी है। गिरफ्तारी के बाद संपूर्ण घोटाले और डायरी का सच सामने आ जायेगा। फिलहाल ये कांग्रेस नेता सरकार बदलते ही अपनी गिरफ्तारी के डर से शहर से गायब हो चुके है।ईडी ने उनके घर पर नोटिस भी चस्पा किया है।

***मायावती का ऐलान....***

स्वाभिमान ऊंचा करने का अवसर भी दिया, लेकिन वर्तमान में यह होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। केंद्र और राज्य सरकार धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति कर रही है। इससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। अयोध्या जाने पर करेंगे विचार- बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि मुझे राम मंदिर रे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है, मैंने इसपर कोई फैसला नहीं लिया है क्योंकि मैं अपने पार्टी के काम में व्यस्त हूं, लेकिन अयोध्या में 22 जनवरी को जो कार्यक्रम हो रहा है उसका हम स्वागत करते हैं। आगे चलकर अगर मस्जिद को लेकर ऐसा कोई कार्यक्रम होता है तो उसका भी हम स्वागत करेंगे। हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

# जिला साहू संघ राजनीतिक प्रकोष्ठ की सयुंक्त बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया जिला संघ में राजनितिक प्रकोष्ठ द्वारा आज संयुक्त रूप से जिला साहु संघ राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़, मोहला मानपुर के अध्यक्षों की उपस्थिति एवं सहमति से बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला साहु संघ द्वारा चयनित सामाजिक व्यक्तियों को प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों से टिकट दिए जाने की मांग की तथा सामाजिक व्यक्तियों को ही समाज द्वारा सहयोग देने की चर्चाओं पर विचार-विमर्श किया गया। उक्त बैठक में मदन साहू उपाध्यक्ष, नीरा साहु उपाध्यक्ष, कुलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, कमल किशोर साहू संरक्षक, हुमन साहू पूर्व अध्यक्ष, विवेक साहू, चुम्मन साहू संयोजक राजनीति प्रकोष्ठ, भागवत साहु जिला अध्यक्ष, नीरेंद्र साहू संरक्षक ,सहित कवर्धा जिला अध्यक्ष ने अपने-अपने विचार बैठक में रखे गये। बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री नीलमणी साहू, शैलेन्द्र साहु माधव साहु विजय साहू, महेन्द्र साहू, कामता साहू, बाला राम साहू, कवर्धा महामंत्री, कौशल साहू उपाधयक्ष कवर्धा, श्रीमती पूर्णिमा साहू, शोभा दास, तुल दास साहू,शिवकुमार, युवदास मुनेश्वरी साहू, गिरिजा साहू, सरोज साहू, गीता साहू, माया साहू, कामिनी साहू आदि उपस्थित थे।

# वैश्विक स्तर पर हिन्दी का बढ़ता वर्चस्व - संजीव सिंघल

**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं हिन्दी विभाग व पत्रकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभाग अध्यक्ष डॉ.बी.एन.जागृत के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं प्रसिद्ध साहित्यकार संजीव सिंघल ने कहा कि हिन्दी भाषा का वर्चस्व वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ता जा रहा है, विश्व की पांच शक्तिशाली भाषाओं में हिन्दी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है।**



हिन्दी भाषा को वैश्विक स्तर पर प्रथम श्रेणी में लाने के लिए हमें अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार के साथ ही उसे शासन प्रशासन के कार्यो के लिए अनिवार्यतः प्रयोग किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वरचित कविताओं का पाठ भी किया।

इस अवसर पर डॉ.बी.एन. जागृत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि विश्व में पहली बार हिन्दी दिवस मनाने परंपरा 10 जनवरी 2006 ई.से प्रारंभ हुई, इसका उद्देश्य भारतीय भाषा के विषय में जागरूकता उत्पन्न कर विश्व भर में हिन्दी को वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। हिन्दी भाषा वर्तमान में भारत में ही नहीं अपितु फिलीपींस, मॉरिशस, नेपाल, सूरीनाम, फिजी, तिब्बत, त्रिनिदाद और पाकिस्तान में भी बोली जाती है। हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक को इस वर्ष के थीम रूप में रखा गया है। वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. नीलम तिवारी ने बताया कि हिन्दी को ज्ञान की भाषा बनाना आवश्यक है। इसके लिए अधिकाधिक हिन्दी को व्यवहार में लाना अनिवार्य है। पत्रकारिता विभाग की सहायक प्राध्यापक दीक्षा देशपाण्डे ने हिन्दी को ज्ञान और चिंतन की भाषा बताते हुए कहा कि हिन्दी भाषा में इतनी सहजता है कि वह अन्य भाषा भाषी व्यक्ति को भी सरलता से अपना लेती है। सोशल मीडिया में हिन्दी भाषा का बढ़ता वर्चस्व और सक्रियता को रेखांकित करते हुए विभाग की एसआरएफ शोधार्थी बिन्दु डनसेना ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर विद्यार्थियों ने काव्यपाठ कर हिन्दी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट किए साथ ही कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग से अमितेश सोनकर, रेशमी साहू, हिन्दी विभाग से सहायक प्राध्यापक डॉ. गायत्री साहू, कौशिक बिशी रितु यादव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पतंजलि योग शिविर में विभिन्न एक्सपर्ट भी देंगे सेवाएं

डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी 16 जनवरी मंगलवार को सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक बम्लेश्वरी मंदिर के छीरपानी प्रांगण में आयोजित होने वाले एकदिवसीय पतंजलि योग शिविर में भिन्न-भिन्न रोगों से संबंधित एक्सपर्ट भी अपनी सेवाएं देंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष संतोष टेमरे ने बताया कि पतंजलि योगपीठ द्वारा बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के सहयोग से आयोजित इस एकदिवसीय शिविर में विभिन्न रोगों का इलाज मां बम्लेश्वरी ऊपर मंदिर छिरपानी शैड में आयोजित होने वाले इस शिविर में रामदेव बाबा के विशिष्ट शिष्य परमार्थ देव केंद्रीय प्रभारी वैलनेस सेंटर हरिद्वार द्वारा योग के माध्यम से रोगों के इलाज हेतु मार्गदर्शन देने पधार रहे हैं। जिसमें केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य जयंत विष्णु भारती विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे उन्होंने बताया कि माता बम्लेश्वरी के धाम स्थित छिरपानी प्रांगण में 16 जनवरी को सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक इस शिविर में पतंजलि योग वैलनेस से सिंगी चिकित्सा के एक्सपर्ट पहुंचने वाले हैं। यह शहरवासियों के लिए एक बहुत ही खुशखबरी की बात है जिनकी सेवाओं का लाभ डोंगरगढ़ वासियों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को मिल सकेगा। सिंगी चिकित्सा के माध्यम से लोग अपने घुटनों सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द का निवारण कर पाएंगे इसके साथ ही अभ्यंगम एक्यूप्रेशर के एक्सपर्ट भी इस शिविर में अपनी सेवाएं देने जा रहे हैं।



जिन किसी भी व्यक्तियों को इन सेवाओं का लाभ लेना है वे 15 जनवरी सोमवार को शाम 4 बजे तक अपना नाम रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं वरिष्ठ योग शिक्षक डी.सी. येडे विश्वनाथ यादव, हेमंत साहू, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष संतोष टेमरे सहित समस्त योग साधकों ने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की अपील स्थानीय नागरिकों से की है।

### दुर्ग संभाग के साधक शामिल होंगे

इस संभागीय स्तरीय शिविर में दुर्ग भिलाई संभाग के विभिन्न अंचलों से भी योग साधक 15 जनवरी की रात्रि में ही पहुंच जाएंगे शिविर की विशेषता को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराना प्रारंभ कर दिया है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसकी व्यवस्था स्थानीय योग समिति के लोग कर रहे हैं। बताया गया कि सिंगी चिकित्सा का प्रयोग प्रदेश में पहली बार होगा।

# कलेक्टर ने ग्राम हथौद में बुनकर सहकारी समिति के कर्मशाला का लिया जायजा

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम हथौद में बुनकर सहकारी समिति के कर्मशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहां बुनकरों द्वारा तैयार किए गए वस्त्रों का अवलोकन किया तथा विभिन्न डिजाईनर कपड़ों की सराहना की। कलेक्टर ने वहां बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय के संबंध में चर्चा की। बुनकरों ने बताया कि वे इस कार्य से काफी खुश हैं। उन्हें अपने गांव में ही रोजगार का अच्छा माध्यम मिल गया है तथा इससे वे अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक से उत्पादित वस्त्र के विक्रय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कर्मशाला को विस्तृत करने तथा आय में और अधिक बढ़ोतरी करने के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने बुनकरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हथकरघा विभाग के माध्यम से उनके इस कार्य को और विस्तृत किया जाएगा। जिससे बुनकरों को और बेहतर आमदनी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कार्यरत बुनकरों की सराहना करते हुए इसी प्रकार मन लगाकर कार्य करने की बात कही। कलेक्टर ने वहाँ उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया, जनपद पंचायत बालोद के सी.ई.ओ. पीताम्बर यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विवेकानंद जयंती मनाई गई

**डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानन्द जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू ने स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुरुआत किया कार्यक्रम में विवेकानंद बनकर आए भैया बहनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने विवेकानंद का वेश धारण कर विवेकानंद के चरित्र पर प्रकाश डाला इनको देखकर ऐसा लग रहा था मानो स्वयं विवेकानंद इस धरा पर अवतरित हो गए हैं।**

सभी भैया बहिन स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरित्र पर अपनी अपनी बात रखी। कुछ भैया बहनों द्वारा योगा का



प्रदर्शन भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने स्वामी विवेकानन्द के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की बात कही। सुरेश वैष्णव ने स्वामी विवेकानंद को हम सबके प्रेरणा स्रोत बताया, थैलेष साहू ने विवेकानंद को युग पुरुष कहा, आज के कार्यक्रम में भाग लेने वाले भैया बहनों और सात दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले भैया बहनों को विवेकानंद साहित्य से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बहन डिंपल यादव ने किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा सुरेश दास वैष्णव थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, बोधन भारद्वाज, ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, श्रीमती झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, स्मृति पांडे, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, धर्मेंद्र गोमास्ता, देवी सिंह ठाकुर, ज्योतिष यादव, विशेष साहू, सौरभ फूले, अमित शुक्ला, डिकेश साहू, गणेश वर्मा आदि शामिल रहे।

# द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा जिला कमेटी का गठन

राजनांदगांव (दावा)। आज दी बुद्धि सोसाइटी ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ राज्य जिला राजनांदगांव कमेटी के गठन के लिए धम्मकृति बौद्ध विहार बसंतपुर में प्रांताध्यक्ष एम.डी.वाल्दे, कार्याध्यक्ष सी.एम.वाल्दे, महासचिव एन टेंम्भुरकर, महिला प्रमुख माला गौतम, राज्य प्रतिनिधि और चारों ब्लॉक के प्रतिनिधि एवं बौद्ध उपासक उपासिकाओं की सर्वसम्मति से जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें

जिला अध्यक्ष तिलोत्तमा बडगे, कार्याध्यक्ष द्विवेदी प्रसाद चौधरी, उपाध्यक्ष मुकेश कांडे, दयाशरण मेश्राम, विद्या त्रिपुरे, महासचिव तरुणा मेश्राम, कोषाध्यक्ष रेनू जमगढे, सचिव नागेश बोरकर, संघटक दीपक कोटांगले, संरक्षक विभाग प्रमुख कन्हैया लाल खोब्रागड़े, संस्कार विभाग प्रमुख अंजू वासनिक, चिंताराम जामुर्या, पर्यटक विभाग प्रमुख अशोक जमुलकर, महिला विभाग प्रमुख मनीषा भीमटे, मीडिया प्रभारी शुभम भोईर, मदन लाल रामटेक, कार्यकारिणी सदस्य एवन सहारे, उद्दल सहारे, जनक लाल चौधरी, वीर सिंह टेम्भुर्णे, लक्ष्मा गजभिए अर्चना खोबरागढ़े सनत कुमार सक्रे, भावना वाल्दे देवनाथ खोब्रागड़े को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। उक्त बैठक में जिले के चारों ब्लॉकों से उपासक उपासिकाओं की उपस्थिति रही। महेंद्र भंते बी.एल. वाल्दे, एस पी टेमरे, ओम प्रकाश डोंगरे, विनोद श्रीरंग, रश्मि लेपकर आदि उपासक उपासिकाओं की उपस्थिति में भारतीय बौद्ध महासभा जिला राजनांदगांव की कमेटी का गठन किया गया यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रतांध्यक्ष एम डी वाल्दे ने दी।

# प्रत्येक घरों में 11 दिए जलाने के आव्हान के चलते दीयों की मांग बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों पूरे देश भर में अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का माहौल बना हुआ है, इस हेतु देशवासियों में उल्लास एवं उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। 500 वर्ष से ज्यादा दिनों तक संघर्ष के पश्चात अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला विराजेंगे। वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, अतः इस दिन पूरे देश भर में सुबह से ही समस्त धर्म प्रेमी अपने-घरों व बस्तियों सहित मंदिरों में भजन कीर्तन का कार्यक्रम करेंगे वहीं सायंकाल में घरो- मंदिरों में 11-11 दीप जलाएंगे और दीप ज्योति पर्व दीपावली मनाई जाएगी।

### मिट्टी के दियों की मांग बढ़ी

उपरोक्त धर्ममय आयोजन के चलते बाजार में मिट्टी के दीयों की माँग बढ़ गई है। शहर के गोलबाजार, कुम्हारपारा व जयस्तंभ चौक रोड से लेकर महावीर चौक जाने वाली रोड में सड़क किनारे मिट्टी के बर्तनों की दुकान लगाए व्यवसायियों से बड़ी मात्रा में दीए खरीदे जा रहे है। दीपावली त्यौहार की तरह शहर के गंज चौक हाट बाजार व नंदई आदि स्थानों सहित अन्य स्थानों में दीयों की माँग बढ़ गई है। इसी तरह शहर के नजदीक मोहारा सिंगदई मोहड़ आदि जगहों में रहने वाले कुम्हारों को दीए बनाने के आर्डर मिलने से उनके चेहरों में खुशी देखी जा रही है। जय स्तंभ चौक रोड में दुकान लगाए मिट्टी के बर्तन के व्यवसायी महेश ने बताया कि मिट्टी के दीए 20 रूपये दर्जन राजस्थानी दिए 10 एवं 5 रूपये प्रति नग एवं आकर्षक कलश 200 रू. प्रति नग बेचा जा रहा है। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के कारण दीयों की अच्छी बिक्री हो रही है।

### रंगोली से सजेंगे आंगन चौवारे

बता दे कि अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को पूरी तरह धर्म यम व आनंदमय तरीके से मनाने के लिए विभिन्न संस्था संगठनों द्वारा रोजाना रैकी कलश यात्रा पूजित अक्षत वितरण रामधुनि प्रभात फेरी जैसे आयोजन किया जा रहा है। महिलाए भी इसमें बढ़ चढकर भाग ले रही है। लोगों द्वारा आहवान किया जा रहा है कि 22 जनवरी को लोग अपने अपने घरों में भगवान श्री राम का पूजन-आराधन तो करें ही साथ ही अपने घरों के आंगन चौबारों में आकर्षक रंगोली भी बनाए तथा दीप प्रज्जवलित व आतिशबाजी कर दीपावली जैसा खुशी का पर्व मनाएं। लोगों को आहवान करने के लिए सनातन धर्म समिति के संतोष पटाक राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति योगेश बागड़ी व बजरंग दल, विश्वहिन्दू समिति के अरूण गुप्ता, नंदू गुप्ता अनूप श्रीवास सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मीजन जुटे हुए है।



# भेड़ीकला में अक्षत शोभायात्रा निकाली गई

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भेड़ीकला में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गई। समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचने का कार्य समस्त ग्रामवासियों के माध्यम से कलश यात्रा गली गली भ्रमण करते हुए घर-घर अक्षत को पहुंचाया गया एवं राम जन्मभूमि का निमंत्रण 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच कृष्णा साहू, पूर्व सरपंच पूर्णिमा साहू, पंच खिलेश्वरी साहू, पंच देवेंद्र सिंह देवांगन, मंडल के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, ईश्वर साहू, हेमचंद साहू,भूपेंद्र साहू, डोमार देवांगन, छोटू देवांगन एवं प्रखर युवा मंडल के सभी सदस्य शामिल होकर एवं हमारे गांव के रामायण समिति के सभी सदस्य सेवा समिति की सभी सदस्य ने अपनी सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतिम में कृष्णा साहू ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

# सड़क सुरक्षा एवं गुमशुदा बालक बालिकाओं के विषय पर बौद्धिक परिचर्चा आयोजित

**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम ढारा में संचालित 7 दिवसीय विशेष शिविर में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमुराम पद्मे एवं नीलम चतुर्वेदानी तथा सहयोगी प्राध्यापकगण एवलाल मेश्राम, पद्मा खुटे मागदर्शन में शिविर के द्वितीय दिवस 13 जनवरी को बौद्धिक परिचर्चा हेतु मुख्य अतिथि अशोक पांडे सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर शिक्षा कोर एवं पवन मंडावी लीगल वालेंटियर उपस्थित हुए।**




बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात बौद्धिक परिचर्चा में आए हुए अशोक पांडे द्वारा अपने उद्बोधन में शिविरार्थियों को यातायात सुरक्षा नियम, कानून एवं स्वयं की सुरक्षा के प्रति वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, बाएं तरफ ही चलना सड़क नियम इत्यादि जानकारी विस्तृत रूप से बताई। तत्पश्चात गुमशुदा बालक-बालिकाओं के विषय में भी संक्षिप्त रूप से चर्चा की। छोटी-छोटी बातों पर माता-पिता से नाराज होना, परीक्षा में फेल हो जाने, प्रेम प्रसंग इत्यादि कारणों से घर से बाहर निकल जाना और गुमशुदा का शिकार होते हैं, आत्महत्या के बढ़ते मामले इत्यादि बातों से शिविरार्थियों को जानकारियां दी गई एवं गलत कदम उठाने से भविष्य बर्बाद हो सकता है इसके लिए मनोबल ऊंचा करने एवं जीवन में आने वाली हर समस्या का डट कर सामना करने के लिए प्रेरित किया। अतिथि व्याख्यान में पवन मंडावी द्वारा लोक अदालत में लंबित मामलों के विषय से संबंधित जानकारियां भी स्वयंसेवकों को दी गई। बौद्धिक परिचर्चा संपन्न होने के पश्चात मुख्य अतिथि अशोक पांडे को स्मृति चिन्ह भेंटकर कार्यक्रम अधिकारियों, सहयोगी प्राध्यापकों एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक अविनाश टेम्भुरकर, कौशल महोबिया, दलनायक विक्की रामटेके, वैशाली, राजाराम, लीना, मानसी, उमाकांत, दीपशिखा, रोशन, वीरेंद्र मयूरी, माधुरी एवं समस्त स्वयंसेवकों द्वारा आभार प्रकट किया गया। संचालन श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी द्वारा किया गया।

# आगामी दिनों होने वाले विभिन्न धार्मिक उत्सवों को सौहार्द्रपूर्ण मनाने शांति समिति की बैठक

**राजनांदगांव (दावा)। आगामी दिनों शहर में होने वाले विभिन्न धार्मिक पर्व एवं उत्सवों को सौहार्द्रपूर्ण मनाने के लिए एसपी ने शांति समिति की बैठक ली। इस दौरान एस पी मोहित गर्ग के निर्देश में उपस्थित एसडीएम अरूण वर्मा एवं न.पु.अधीक्षक अमित पटेल द्वारा शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक/धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ उक्त से संबंधित विषयों पर चर्चा की।**




बताया जाता है कि पुलिस जनसंवाद कक्ष में शहर के विभिन्न समाजिक/धार्मिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों की शांति समिति की बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिले के मंदिरों में और अलग-अलग समाजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी क्रम में संयोजक राममंदिर जन्मभूमि प्राणप्रतिष्ठा समारोह अध्यक्ष व्ही.एच.पी. योगेश बागड़ी द्वारा बताया गया कि 18 जनवरी को राजनांदगांव शहर में बाईक रैली, 20 को शोभायात्रा एवं 22 को सभी मंदिरों में पूजा अर्चना एवं अयोध्या धाम रामजन्मभूमि का लाईव प्रसारण, हवन एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये सभी सामाजिक/धार्मिक संगठनों में सहमती बनी है।

इधर मुस्लिम समाज द्वारा संदल यात्रा आगामी 23 जनवरी को करने की सूचना दी है। इसी तरह 20 जनवरी को सैय्यद अटल शाह में उस हेतु सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। सभी आयोजनों के संबंध में शासन/प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि बिना अनुमति रैली कार्यक्रमों में किसी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन नहीं किया जावेगा और सभी समाज प्रमुखों से रैली में शालीन व्यवहार एवं नारों के उपयोग की समझाईश दी गई। बैठक में सभी पक्षों द्वारा सौहाद्रपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से आगामी पखवाड़े के त्यौहारों को मनाने में सहमति जताई गई।

इस अवसर पर रईस अहमद अध्यक्ष जामा मस्जिद, मो. इब्राहिम नायब सदर, सैय्यद आमजद मीडिया प्रभारी, ए.आर. खान जामा मस्जिद, मो. नसीम शेख नायब सदर नूरी मस्जिद गौरी नगर, अशगर अली सदर कन्हारपुरी, रेव्ह.डॉ. सुमन लाल अध्यक्ष मसीही समाज, संजय तेजवानी चेम्बर ऑफ कामिशन वाईस प्रेसेडिन्ट, गुरूमुख दास वाजवा संरक्षक, अकरम अली रानी सागर सदर, अंकित बस स्टैंड, अफताब आलम, अजीत जैन पूर्व महापौर, कमल सोनी नगर सह. संयोजक राम मंदिर अभियान समिति, योगेश बागड़ी संयोजक राम लीला जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अध्यक्ष व्ही.एच.पी. उपस्थित थे।

# महिला को बेटियाँ जन्म देना बना जी का जंजाल, दी जान

राजनांदगांव (दावा)। छुईखदान थाना क्षेत्र की एक महिला को लगातार एक के बाद एक लड़कियों को जन्म देना जी का जंजाल बन गया और अपने घर-परिवार वालों की प्रताड़ना का शिकार होकर उन्होंने जान दे दी। घटना 20-21 जून की दरमियानी रात की बताई जाती है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रताड़ना से पीड़ित 30 वर्षीय महिला रेखा वर्मा ने अपने ससुराली घर ग्राम बाजगुड़ा में कमरा अंदर बंद होकर कीटनाशक जहर का सेवन कर लिया था। जाँच के दौरान मृतिका के शव का पंचनामा पश्चात पीएम करवाया गया था, बताया जाता है कि मृतिका के पति भूपत कुमार वर्मा, सास बिंझवारिन बाई एवं देवर तुलेश कुमार मृतिका को लगातार 3 लड़कियां होने तथा लड़का नहीं होने के कारण ताने मारकर लड़ाई झगड़ा, मारपीट कर उसे मानसिक, शारीरिक प्रताड़ना दिया करते थे, जिससे तंग आकर उन्होंने जहर सेवन कर लिया। पुलिस ने पति, सास व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया है।

# जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल खाद्य अधिकारी को सच का आइना दिखाने पहुंचे कलेक्ट्रेट

राजनांदगांव(दावा)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी जिलाध्यक्ष शमसुल आलम पहुंचे कलेक्ट्रेट प्रदर्शन कर खाद्य विभाग को दिखाया सच का आइना तथा मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।


मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने बताया कि पिछले माह में दिसंबर में खाद्य अधिकारी को जोगी कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा था और पीडीएस दुकानों में लगभग 42 लाख रूपये का घोटाला करने वाले दोषियों पर एफआईआर की मांग की थी। खाद्य अधिकारी ने आश्वस्त किया था कि दोषियों पर एफआईआर करवाई जाएगी पर 2 हफ्ते तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किए जाने पर जब खाद्य अधिकारी श्री मिश्रा से मिलने पहुंचे तथा कार्यवाही की बात पर वो मुकर गए और एफआईआर न करने की बात कह डाली, जिसके विरोध में जोगी कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर खाद्य विभाग को सच का आइना दिखाया है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर ज्ञापन लेने पहुंची, तब शमसुल आलम ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री तक बात पहुंचते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था तो शुरूआत राजनांदगांव जिले से ही होनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिलाल सोलीन खान, जिला महासचिव जफर खान, जिला महासचिव नमन पटेल, मजदूर संघ अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी, गुलशन मंडले, टिकेश्वर साहू, प्रेम आदि दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यूनियन बैंक में खाताधारकों के जबरदस्ती रकम काटे जाने से मचा बवाल

**बैंक के सामने खाते धारकों का हंगामा, धोखाधड़ी के लग रहे आरोप, इंटरनल आडिटिंग के चलते हुई गलती, रिप्लेस होने की बात**



राजनांदगांव (दावा)। पुराना बस स्टैण्ड समीप स्थिति यूनियन बैंक में आज अजीब वाक्या उपस्थित हो गया जब बैंक के कुछ खातेदारों ने बैंक के ऊपर उनके खातों से जबरदस्ती रकम काट लेने के आरोप लगाते हुए हंगामे की स्थिति पैदा कर दी। बैंक के खातेदार गायत्री इंटरप्राईज वाले सुमीत डागा, ट्रेडिंग कम्पनी वाले पंकज अग्रवाल व गुलाब जैन आदि ने बताया कि मोदी जी ने युवाओं को व्यवसाय आदि के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए मुद्रा लोन देने की व्यवस्था की है।

इस फ्री लोन के तहत उन्होंने युनियन बैंक से लोन लिया है। लेकिन बैंक द्वारा डीओसी चार्ज गाडगेज व अन्य चार्ज के नाम से 16-17 परसेन्ट पैसा काट लिया है। पीड़ित मुद्रा लोन हितग्राहियों का कहना है कि मोदी जी ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए फ्री मुद्रा लोन दी है। उसमें बैंक काटांमारी कर रहा है। सुमीत डागा ने बताया कि वह पहले आंध्रा बैंक का कस्टमर था बाद में मर्ज होने पर अब वह युनियन बैंक का खातेदार है। उनके पास लिस्ट है कि बैंक ने 8-9 लाख रूपए डेबिट किया है। इसी तरह एक ने कहा कि उसके खाते से गाडगेज लोन के नाम पर 5 हजार काट लिया है। इन लोगों का कहना है कि उन लोगों के जैसे 200 लोग है जिनका लगभग 10 लाख रूपए काट लिए है। इसी तरह एक खातेदारों का कहना है कि बैंक में रिनिवल के लिए पेपर दिया था। जिसमें 10 वें महिने में 10 हजार काटे गए वही दूसरी बार में 18 हजार काट लिए गए। पीड़ित खातेदारों का कहना है कि युनियन बैंक ने अनेकों ग्राहकों के खाते से हजारों रूपए काट लिए है। मैनेजर द्वारा रकम क्यों काटी गई है, पूछने पर उसका जवाब नहीं देने से ग्राहकों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई। और बैंक के सामने हो हल्ला व हंगामे जैसा माहौल बनने से लोगों का मजमा लग गया था। कई लोग तो खातेदारों के बेवजह हजारों रूपए काटे जाने से नाराज होकर थाने जाने का भी मन बना लिए थे। यूनियन बैंक के मैनेजर अशोक निनावे ने बताया कि उनके यहां इंटरनल आडिट चल रहा है। इसके चलते कुछ ग्राहकों के खाते में से संभवतः पैसे काटे गए है। उक्त रकम रिप्लेस हो जाएगा।

इस सम्बंध में हमने आर.ओ. से बात कर ली है और कार्य प्रोसेलिंग में है। हमने खातेदारों को भी बता दिया है। लेकिन कुछ असंतोषी किस्म के व्यक्तियों ने बात का बतगड़ बनाने की कोशिश की है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि युनियन बैंक से सम्बंधित मामले को लेकर कुछ लोग थाने जरूर आए थे किन्तु आवेदन लेकर आ रहे है कहकर गए है तो फिर वापिस नहीं आए। श्री साहू जी ने साथ ही कहा कि बैंक का पैसा इधर-उधर नहीं होता, खातेदारों को रिप्लेस हो जाएगा।

# विगत 43 वर्षो के कठिन परिश्रम एवं सकारात्मक सोच से 'दावा' ने एक मुकाम हासिल किया - मधुसूदन यादव

- मधुसूदन ने किया दैनिक 'दावा' के डोंगरगढ़ संस्करण के कैलेंडर का विमोचन
- पत्रकारिता जगत के आधार स्तंभ दीपक बुद्धदेव का 36 गढ़ वनांचल वेलफेयर एंड डेवलपमेंट संस्था ने किया सम्मान

**जननायक मधुसूदन यादव को मिले एक और अवसर -मनोज अग्रवाल**



## राजनीति से ऊपर उठकर कार्य कर रहे हैं मधुसूदन यादव

अपने संक्षिप्त संबोधन में वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने बताया कि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव की कार्यशैली अनूठी है। वे पूरे समय जनता के प्रति समर्पित होकर जनता के साथ दिखलाई पड़ते हैं। आमजनों के हर दुख-सुख में जनता के साथ मिलकर कार्य करने वाले वे जिले के एक मात्र जनसेवक है। श्री अग्रवाल ने अनेक उदाहरण देकर बताया कि श्री यादव के कारण अनेक पीड़ित लोग कैसे लाभान्वित हो रहे है।

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी मंदिर के प्रांगण में दैनिक दावा के डोंगरगढ़ संस्करण के कैलेंडर का विमोचन पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के हाथों संपन्न हुआ। अविभाजित राजनांदगांव जिले में 43 वर्ष पूर्व पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले दीपक कुमार बुद्धदेव के पत्रकारिता जगत को दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए छत्तीसगढ़ वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा स्मृति चिन्ह व साल प्रदान कर सम्मान किया गया। दैनिक 'दावा' के प्रधान सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव की अनुपस्थिति में यह सम्मान प्रबंध संपादक सूरज बुद्धदेव द्वारा संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के हाथों ग्रहण किया। अवसर था दैनिक 'दावा' के डोंगरगढ़ संस्करण का वार्षिक कैलेंडर के विमोचन का, जिसका विमोचन युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व सांसद व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व उपस्थित वरिष्ठ गणमान्यजनों द्वारा किया गया।

विमोचन अवसर पर दिए गए अपने वक्तव्य में श्री यादव ने कहा कि 43 वर्षों के लंबे इतिहास को देखा जाए तो बहुत ही कठिन परिस्थिति में संभल कर चलते हुए दैनिक 'दावा' को इस मुकाम पर पहुंचाया गया कि आज दैनिक दावा राजनांदगांव जिले की पहचान बना हुआ है। पत्रकारिता क्षेत्र में दैनिक दावा एवं उसकी टीम द्वारा दिए गए योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। जन सेवा के रूप में कार्य करने वाले दैनिक दावा परिवार कि इस उपलब्धि पर लोकसभा क्षेत्रवासियों की ओर से बधाई देता हूं। डोंगरगढ़ क्षेत्र के चौमुखी विकास पर अपने विचार रखते हुए श्री यादव ने कहा कि पहले केंद्र शासित व्यवस्था थी। अब केंद्र व राज्य शासित व्यवस्था हो गई है। जिसका लाभ हर स्तर पर डोंगरगढ़ क्षेत्र को मिलेगा। इन पांच वर्षो में हम सब मिलकर विकास की दिशा में मजबूती से कार्य करेंगे। मंच पर उपस्थित पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने दैनिक दावा द्वारा जनसामान्य को दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि 'दावा' अपनी लेखनी के माध्यम से जनसामान्य को जागृत करने का कार्य कर रहा हैं, जो प्रशंसनीय हैं। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि लंबे समय से हमारा परिवार दैनिक दावा का पाठक रहा है। विगत कई वर्ष से अपने लेखनी के दम पर दैनिक 'दावा' ने अन्य बड़े अखबारों की उपस्थिति में अपनी पहचान कायम रखी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव के संबंध में श्री अग्रवाल ने कहा कि मधु भैया को भी राजनीति में एक बार अवसर अवश्य मिलना चाहिए, जैसा सभी को मिल रहा है। ताकि जनहित के उल्लेखनीय कार्य हो सके।

### सबके अतुलनीय सहयोग से सफर आसान हुआ - बुद्धदेव

प्रबंध संपादक सूरज बुद्धदेव ने डोंगरगढ़ संस्करण के प्रथम वार्षिक कैलेंडर के विमोचन अवसर पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि, उपस्थितजनों के अतुलनीय सहयोग के साथ-साथ जिलेवासियों का सहयोग निरंतर मिल रहा है, यही कारण है कि कठिन परिस्थिति में भी दैनिक 'दावा' जन सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संवाददाता विलास जाम्बुलकर व उनकी टीम को बधाई दी। शहर के वरिष्ठजनों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर दैनिक दावा टीम द्वारा जनसेवा के क्षेत्र में किए जाने वाला कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती सुषमा कोठारी, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, पालिका में नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, शिवपुरी के सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार द्विवेदी, प्रणय अग्रवाल, मक्काटोला ग्राम प्रधान हेमलाल वर्मा, महेंद्र अग्रवाल, मोनू भंडारी एवं सहयोगीगण, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन मेश्राम, हेमलाल सिन्हा, रवि यादव, रजत कोठारी व पत्रकार साथी गणों में प्रकाश नरेडी, प्रमोद शुक्ला, बंटी शर्मा, नंदलाल निषाद, नीरज शर्मा, रवि दुबे (सहारा समय), अफसान खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के लाभार्थियों से बातचीत कर योजना के संबंध में जानी प्रतिक्रिया

**एक लाख विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए किया जा रहा कार्य**




राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री जनमन योजना के लाभार्थियों से बातचीत की और उनसे योजना के संबंध में प्रतिक्रिया जानी। इस अवसर पर कलेक्टोरेट एनआईसी कक्ष से पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, समाज सेवी श्री खूबचंद पारख, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर एवं अन्य अधिकारियों ने विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में लाभार्थियों का संवाद सुना।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश में उत्सव का माहौल है और सूर्य उत्तरायण है। मकर संक्रांति, पोंगल, बीहु त्यौहारों की उमंग चारों तरफ छाई हुई है। ऐसे में प्रधानमंत्री जनमन योजना के लाभार्थियों से बात करना मेरे लिए उत्सव के समान है।

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए उत्साह है और अयोध्या में दिपावली का माहौल है। वहीं एक लाख विशेष पिछड़ी जनजातियों के घर में भी दीपावली मनाई जा रही है और उनके पक्के आवास के लिए उनके बैंक खाते में राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला भव्य एवं दिव्य मंदिर में दर्शन देंगे। आदिवासी माता शबरी के संयोग एवं सानिध्य ने उन्हें प्रभु राम बना दिया। भगवान श्रीराम ने भक्ति के संबंध को सबसे बड़ा कहा है। कोई गरीब न हो इसी सोच के साथ सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। दूरस्थ अंचलों में पहाड़ों पर विपरीत स्थिति में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति को विकास की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए कार्य किया जा रहा है।

कई बार सरकारी मशीनरी का इन तक पहुंचना आसान नहीं होता। यह खुशी की बात है कि जनजाति समाज विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और मूलभूत सुविधाओं का विकास हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ पेयजल, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा से रोजगार, बिजली, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। पहाड़ी क्षेत्रों तक प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ जनसामान्य को मिल रहा है।

# आज से औंधी में पं. तिवारी का भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ



राजनांदगांव (दावा)। मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के अंर्तगत आने वाले औंधी ग्राम में 16 जनवरी से 26 जनवरी तक पं. अनिल तिवारी महराज के श्री मुख से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की अजस्त्र रस धारा बह रही है। कथा वाचन के दौरान परायण कर्ता के रूप में पं. अंचल तिवारी मौजूद रहेंगे। वही नारायण माला में पं. कान्हा तिवारी की उपस्थिति रहेंगी। औंधी में आयोजित उक्त ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन 16 जनवरी को गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात वेदी पूजन व व्यास पूजन किया गया। इसके बाद अरज कुण्ड वाले कथा वाचक आचार्य अनिल तिवारी महराज द्वारा श्रोताओं को गोकर्ण की कथा सुनाई गई। 24 जनवरी तक रोजाना दोपहर एक बजे से प्रारंभ होने वाले इस ज्ञान यज्ञ वाले भागवत महापुराण वाले आयोजन में कथावाचक द्वारा भागवत महात्म्य से लेकर परीक्षित जन्म, कलयुग प्रारंभ, सृष्टि वर्णन व सती जन्म, समुद्र मंथन सहित श्री रामावतार श्री कृष्ण अवतार, बाल लीला, माखन चोरी, रूखमणी मंगल, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष तक की कथा सुनाई जाएगी।

# सुंदरकांड पाठ की सोलहवीं माला की पूर्णाहुति.....



राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों का श्री सुंदरकांड पाठ की सोलहवीं माला की पूर्णाहुति अर्थात 1728वॉ पाठ आज श्री जलाराम राम मंदिर प्रांगण में 108 जोड़ों के साथ संपन्न हुआ।

# गश खाकर गिरने से युवक की मौत

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भूलाटोला में अपने चने के खेत में पानी डालने गए युवक की गश खाकर गिरने से मौत हो गई। सुबह से खेत गए युवक-धनराज यादव के देर शाम तक वापिस नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा फोन लगाकर पता किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं होने पर परिजन खेत की ओर भागे।

वहां धनराज यादव अचेत पड़ा हुआ था जिससे उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जाता है कि धनराज को मिर्गी का दौरा पड़ता था। इसके पिता का कहना है कि पहले उसे मिर्गी आता था। संभवतः उसे दौरा पड़ने व उसे किसी प्रकार बचाव नहीं मिलने से दमतोड़ दिया होगा।

# छत्तीसगढ़ में 5वां स्थान प्राप्त कर नगर की गौरव बनी डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की एकमात्र आयुष विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा आयोजित बीएएमएस पाठ्यकम 2022 में महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक एवं साइंस सुंदरा राजनांदगांव की छात्रा विजयलक्ष्मी सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएएमएस की साढे चार वर्ष के संपूर्ण पाठ्यक्रम में पूरे विश्वविद्यालय में 5वां स्थान अर्जित कर नगर व जिले का मान बढ़ाया। प्रारंभिक शिक्षा से ही मेधावी रही विजयलक्ष्मी सिंह ने विश्वविद्यालय की संपूर्ण साढ़े 3 वर्ष की परीक्षा में प्रतिवर्ष टॉप 15 में निरंतर स्थान बनाती रही और अंतिम वर्ष में 5वां स्थान अर्जित करने में सफल रही। दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक एवं व्यायाम निर्देशक रणविजय प्रताप सिंह की पुत्री एवं टाइम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप में कार्यरत सेल्स हेड विश्वेन्द्र प्रताप सिंह की अनुजा की इस सफलता पर परिवारजनों ने अत्यंत खुशी जाहिर की।

डॉ. विजयलक्ष्मी ने बताया कि इस फिल्ड में जाने की सर्वाधिक प्रेरणा मुझे मेरे पिता के मित्र राजेन्द्र यादव एवं मेरी माता श्रीमती माधुरी सिंह से मिली। मुझें बचपन से ही डॉक्टर बनने का जुनून था। मेरे स्कूली जीवन की आदर्श रही बालभारती स्कूल की तत्कालीन संस्थापक एवं प्राचार्य स्व. वसुंधरा पाण्डे व नरसिंह रेड्डी ने मेरे करियर को आगे बढ़ाने के लिये बहुत प्रोत्साहित किया।

डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह की इस उपलब्धि के लिये महावीर कॉलेज के डीन डॉ. एस.के. नंदा, सुधीर बुद्दुन, नेमीचंद पारख, संजय गोलछा सहित राजू भाई, प्रमोद अब्राहम, राजेन्द्र यादव, एल.के. पाण्डे, झम्मन देवांगन, विवेक शुक्ला, शीतल साहू, अतुल चोपडा, अजय खण्डेलवाल, गणेश प्रसाद शर्मा, नीलम जैन, रमेश डाकलिया, फिरोज अंसारी, जितेन्द्र मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, तीरथगिरी गोस्वामी, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, आनंद कुमार डोंगरे, कृष्णा यादव, भूषण साव एवं समस्त पेटी ग्रुप के सदस्यों ने सज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां।




# सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह की निकली शोभायात्रा



**शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मानव मंदिर चौक पर पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया**

राजनांदगांव (दावा)। धर्म और सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध, संत सिपाही खालसा पंथ के सृजनहार सिख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह के आगमन की 357वीं वर्षगांठ पर सिख समाज द्वारा 15 जनवरी को पंच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पटाखे फोड़कर फुलमालाओं शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

गुरुद्वारा परिसर से निकली शोभायात्रा में सिख बैंड बाजे पुष्प वर्षा करती तोप गाडी, अखाडों के करतब दिखाते तथा समाज के युवाओं द्वारा नगर कीर्तन आकर्षक का केन्द्र रहा। शोभायात्रा के लिए विशाल वाहन को विशेष रूप से फुल मालाओं तथा गुरूबाणी उपदेशों से सुज्जित रहा। शोभायात्रा मानव मंदिर चौक पहुंचने पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत कर चरणवंदन किए।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि धर्म और सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार सिक्ख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह के आगमन पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शहर कांग्रेस व वार्ड 25 के युवा साथियों की टीम द्वारा स्वागत किया गया। गुरू गोविंद सिंह धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था जिनके धर्म और सिद्धांत एवं उनके संदेश मानव समाज के लिए मार्गदर्शक है।

शोभायात्रा के स्वागत के अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, अमित चंद्रवंशी, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, बबलू कसार, मनीष गौतम, गुरभेज माखिजा, अतुल शर्मा, नारायण सोनी, मामराज अग्रवाल, पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, अजय छेदैया, पूर्णिमा नागदेवे, सुरेन्द्र देवांगन, विष्णु सिन्हा, शैलेष रामटेके, संदीप जायसवाल, फरमान अली, शाबिर जिंदरान, मनीष अग्रवाल, राहुल देवांगन, रूपेश साहू, भरत सोनी, गेमू कुंजाम, सुनीता सिन्हा, संजय, राहुल केमे सहित शोभायात्रा में सिख समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# सीए बनने पर कु. हनी ठक्कर को बधाई....



राजनांदगांव (दावा)। आज कु हनी ठक्कर को श्री लोहाणा समाज द्वारा उनकी गौरवशाली उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया, हनी ने चार्टेड एकांटेंट की परीक्षा उत्तम अंकों के साथ उत्तीर्ण कर सीए (सनदी लेखाकार) बन गई। इस अवसर लोहाणा महाजन के अध्यक्ष दीपक बुद्धदेव, ज्ञातिरत्न जगदीश भाई कोटक, पूर्व अध्यक्ष नाथाभाई रायचा, उपाध्यक्ष रितेश लाल, सचिव प्रवीण कोठारी, कोषाध्यक्ष दिनेश साहिता, निलेश जोबनपुत्रा उपस्थित थे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com